Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक


# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 244 | शुक्रवार , 05 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## अफगानिस्तान में एक ही दिन में तीन बार कांपी धरती



**काबुल।** अफगानिस्तान में बृहस्पतिवार को कई बार भूकंप के झटके लगे। पहले 4.8 तीव्रता का भूकंप आया। फिर रात करीब 10.26 बजे 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। चंद मिनटों बाद रात करीब 11.58 बजे एक बार फिर धरती कांपी। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.1 मापी गई। इसके बाद शुक्रवार तड़के भी 4.9 तीव्रता का भूकंप आया। बता दें कि इसी हफ्ते आए भूकंप के कारण अफगानिस्तान में अब तक 2200 से अधिक लोग हताहत हो चुके हैं। अफगानिस्तान में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भारतीय समयानुसार शुक्रवार तड़के 3:16 बजे अफगानिस्तान में 4.9 तीव्रता का भूकंप आया। इससे पहले बृहस्पतिवार देर रात 11.58 बजे भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.1 मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (ठउर) के मुताबिक काबुल से 118 किलोमीटर दूर भूकंप आया। जमीन से 50 किमी की गहराई में लगे इन झटकों के बाद अफगानिस्तान में दहशत का माहौल है।

## एसवाईएल नहर का पानी बीबीपुर लेक में छोड़ने पर विवाद



**कुरुक्षेत्र।** गांववासियों ने चेतावनी दी है कि यदि पानी छोड़ा गया तो वे आंदोलन करेंगे। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा की दृष्टि से पानी मोड़ना आवश्यक है, ताकि नहर का दबाव कम हो सके और बड़े नुकसान से बचाव किया जा सके। ज्योतिसर हेड के पास एसवाईएल नहर का पानी बीबीपुर झील में मोड़ने को लेकर प्रशासन और मुकिमपुरा व आसपास के गांवों के लोग आमने-सामने आ गए हैं। प्रशासन का कहना है कि नहर में पानी का स्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे दबाव कम करने के लिए उसे लेक की ओर छोड़ना जरूरी है। लेकिन ग्रामीण इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि झील में पानी छोड़ा गया तो लेक किनारे खड़ी लगभग 6500 एकड़ फसल पूरी तरह से खराब हो जाएगी। साथ ही पानी का स्तर बढ़ने से गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं।

## जम्मू-हिमाचल में भूस्खलन, कश्मीर से कटा संपर्क

# पंजाब में बाढ़ की स्थिति गंभीर दिल्ली में यमुना उफान पर

**नई दिल्ली।**

देशभर में मौसम का कहर देखने को मिल रहा है। गुरुवार को उत्तरी राज्यों में लगातार और मूसलाधार बारिश हुई, हिमाचल प्रदेश मानसून की शुरूआत से ही प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा है और यमुना नदी के बढ़ते जल स्तर के कारण दिल्ली प्रभावित हुई है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक देश का अधिकांश हिस्सा बाढ़-बारिश से त्राहिमाम कर रहा है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में भूस्खलन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह अन्य अभी लापता हैं। जम्मू संभाग के किश्तवाड़ जिले में भूस्खलन की घटना में पांच लोग घायल हो गए। वहीं, अरुणाचल प्रदेश में भी पांच जगहों पर भूस्खलन के कारण यातायात बुरी तरह बाधित हो गया। कुल्लू जिला मुख्यालय में गुरुवार सुबह करीब 7:30 बजे इनर अखाड़ा बाजार में दो घर मठ क्षेत्र में भूस्खलन की चपेट में आ गए। मलबे में दबे 10 लोगों में से तीन को बचा लिया गया। लेकिन एक की मौत हो गई और एक महिला समेत छह लोग अभी लापता है। एक दिन पहले भी यहां हुए भूस्खलन के बाद से दो लोग लापता हैं। उधर, किश्तवाड़ में रटले जल विद्युत परियोजना स्थल द्राबशाल्ला में भूस्खलन के कारण पांच लोग मलबे में दब गए। नागरिक प्रशासन, पुलिस और रेड क्रॉस टीम ने तत्काल बचाव अभियान चलाकर उन्हें बचा लिया। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तरांखड, राजस्थान से लेकर दिल्ली-एनसीआर तक हर जगह हालात बिगड़े हुए हैं। नदियां रौद्र रूप दिखा रही हैं और जगह-जगह जमीन धसकने जैसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं।




## डीआरडीओ ने मिसाइल सेंसर शील्ड बनाने के लिए हस्तांतरित की तकनीक




**नई दिल्ली।**

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने तीन एडवांस्ड मेटेरियल्स प्रौद्योगिकियां हस्तांतरित की हैं। इनमें मिसाइल सेंसर के लिए सुरक्षात्मक आवरण (शील्ड) बनाने की तकनीक शामिल है। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी. कामत ने हाल ही में उद्योग भागीदारों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण हेतु लाइसेंसिंग समझौते (एलएटीओटी) के दस्तावेज सौंपे। हैदराबाद स्थित डीआरडीओ की डिफेंस मेटालर्जिकल रिसर्च लैबोरेटरी (डीएमआरएल) ने उद्योग भागीदारों को प्रौद्योगिकियां हस्तांतरित कीं। यह कार्यक्रम 30 अगस्त को हैदराबाद स्थित डीएमआरएल में आयोजित किया गया था। हस्तांतरित प्रौद्योगिकियों में भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल), जगदीशपुर को उच्च शक्ति वाले रेडोम्स के निर्माण के लिए प्रौद्योगिकी शामिल है, जिससे मिसाइल प्रणालियों में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले रेडोम (मिसाइल सेंसर के लिए सुरक्षा कवर) का उत्पादन संभव होगा।

## जीएसटी से किसानों को फायदा, ट्रैक्टर के पुर्जों से लेकर उर्वरक तक होंगे सस्ते

**नई दिल्ली।**

कृषि, डेयरी और मत्स्य पालन से जुड़े उपकरणों और उत्पादों पर जीएसटी परिषद ने टैक्स घटा कर किसानों को बड़ी राहत दी है। इससे कृषि कार्य की आधार लागत में लगभग एक तिहाई कमी आ सकती है। उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आमदनी में सुधार होगा। ट्रैक्टर के पुर्जों से लेकर उर्वरक तक सस्ते होने से किसानों की जेब पर बोझ घटेगा, वहीं बाजार में प्रतिस्पर्धा भी बढ़ेगी। टैक्स स्लैब में यह बदलाव ग्रामीण अर्थव्यवस्था को टिकाऊ बनाने की रणनीतिक पहल माना जा रहा है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में बनी हाईपावर एमएसपी कमेटी के सदस्य डॉ. बिनोद आनंद का आकलन है कि जीएसटी स्लैब में बदलाव से खेती एवं इससे जुड़े क्षेत्र की बेसिक उत्पादन लागत में 30 से 40 प्रतिशत तक कमी आ सकती है। इसका असर केवल महंगाई पर नहीं, बल्कि खेती की लागत, नकदी प्रवाह और ग्रामीण मांग पर भी पड़ेगा। उन्होंने उदाहरण दिया कि कृषि ड्रोन पर अब केवल पांच प्रतिशत टैक्स लगेगा, जबकि अभी तक 18 प्रतिशत था। इसकी बैटरी और कुछ पुर्जों पर 28 प्रतिशत जीएसटी था।



## प्रधानमंत्री जी ने जो कहा, वो करके दिखाया नए जीएसटी सुधारों के लिए कोटि-कोटि आभार

**नई दिल्ली।**

देश के आर्थिक सुधारों की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम है कि केंद्र सरकार ने 22 सितंबर से प्रभावी नए जीएसटी दरों की घोषणा की है, जिससे आम नागरिकों और व्यापारियों–दोनों को सीधा लाभ मिलेगा। रोजमर्रा की वस्तुओं, शिक्षा सामग्री, कृषि यंत्र, स्वास्थ्य सेवाएं, और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर जीएसटी में कटौती कर सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह सिर्फ आर्थिक वृद्धि की नहीं, बल्कि सामाजिक और मानवीय संवेदनाओं की सरकार भी है। व्यापारियों के लिए जीएसटी पंजीकरण की प्रक्रिया को आसान बनाना और उसे केवल 3 दिनों में पूरा करना एक बेहद सराहनीय पहल है, जिससे छोटे व्यापारियों, एमएसएमईएस और स्टार्टअप्स को एक नई ऊर्जा मिलेगी। हम सभी देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के इस विजन और प्रतिबद्धता को हृदय से धन्यवाद देते हैं जो कहा वो किया। साथ ही, हम देश की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का भी विशेष आभार प्रकट करते हैं, जिनके नेतृत्व और दूरदृष्टि से यह सुधार संभव हो सका। आज एक व्यापारी के रूप में नहीं, बल्कि एक देशभक्त नागरिक के रूप में मैं यह कह सकता हूँ कि सरकार के इस निर्णय ने जनता को राहत दी है और व्यापार को गति दी है। मैं अपनी ओर से और देश के समस्त व्यापारियों, उद्यमियों, टरटए२ और आम नागरिकों की ओर से सरकार को साधुवाद देता हूँ।



## पीएम मोदी और ईयू के शीर्ष नेतृत्व ने दिसंबर तक एफटीए करने का जताया संकल्प



**नई दिल्ली।**

- यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष व यूरोपीय आयोग की प्रमुख के साथ हुई फोन पर बात

भारत और यूरोपीय यूनियन (ईयू) ने गुरुवार को दिसंबर तक बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर मुहर लगाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और 27 देशों के समूह ईयू के शीर्ष नेताओं एंटोनियो कोस्टा और उसुर्ला वान डेर लेयेन ने अमेरिका की विघटनकारी व्यापार नीतियों के बीच एक नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था को बढ़ावा देने का भी संकल्प लिया। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष कोस्टा और यूरोपीय आयोग की प्रमुख वान डेर लेयेन के साथ एक संयुक्त फोन काल में मोदी ने यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान और शांति व स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए भारत के निरंतर समर्थन को दोहराया। भारत की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि नेताओं ने वैश्विक मुद्दों के संयुक्त समाधान, स्थिरता को बढ़ावा देने और पारस्परिक समृद्धि के लिए नियम-आधारित व्यवस्था को बढ़ावा देने में भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी की भूमिका को रेखांकित किया। तीनों नेताओं के बीच फोन पर बातचीत ऐसे समय हुई है, जब भारत ट्रंप प्रशासन द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के प्रभाव को कम करने की कोशिश कर रहा है।

तीनों नेताओं ने आपसी सुविधानुसार जल्द से जल्द भारत में अगला भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन आयोजित करने पर भी चर्चा की और प्रधानमंत्री मोदी ने कोस्टा और वान डेर लेयेन को इसके लिए आमंत्रित किया।

## जयशंकर ने ट्रंप को दिखाया आईना, कहा- 'भारत ने हमेशा यूक्रेन युद्ध खत्म करने का समर्थन किया'



**नई दिल्ली।**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि भारत, यूक्रेन युद्ध के जल्द खत्म होने का समर्थन करता है। उन्होंने यह बात अपने यूक्रेनी समकक्ष एंड्री सिबिहा के साथ फोन पर बातचीत के बाद कही।

जबकि सिबिहा ने कहा कि हमें शांति प्रयासों में भारत की सक्रिय भूमिका पर भरोसा है। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने फोन पर युद्ध समाप्त करने के मुद्दे पर चर्चा की। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग और यूक्रेन संघर्ष पर चर्चा की। भारत इस संघर्ष के शीघ्र अंत और स्थायी शांति की स्थापना का समर्थन करता है।' जबकि सिबिहा ने बताया कि उन्होंने जयशंकर को युद्धक्षेत्र की मौजूदा स्थिति और यूक्रेन के न्यायपूर्ण शांति प्राप्त करने के प्रयासों के बारे में जानकारी दी। यूक्रेनी विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने और जयशंकर ने इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान मिलने पर सहमति व्यक्त की। जयशंकर-सिबीहा की वार्ता से तीन दिन पहले चीन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात हुई थी।

## बीमा को टैक्स छूट से आयुष्मान भारत को मिलेगी मजबूती

**नई दिल्ली।**

स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम को जीएसटी से मुक्त करने के निर्णय ने आयुष्मान भारत को मजबूती प्रदान की है।

यह निर्णय निजी कवरेज का विस्तार, जेब से होने वाले खर्च को कम करने और सभी के लिए स्वास्थ्य मिशन को आगे बढ़ाने में सहायक होगा। इस निर्णय से मध्यवर्गीय परिवारों के लिए प्रीमियम अधिक सस्ते होंगे, जिससे बीमा के व्यापक अपनाने को प्रोत्साहन मिलेगा। मंत्रालय ने बताया कि जीएसटी का यह समायोजन नागरिक-केंद्रित कराधान के प्रति संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है। मंत्रालय ने कहा कि दवाओं, चिकित्सा उपकरणों, पोषण और बीमा पर बोझ को कम करते हुए सरकार ने स्वास्थ्य सेवा को अधिक सुलभ और सस्ती बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। वैश्विक ब्रोकरेज फर्म बर्नस्टीन ने गुरुवार को एक रिपोर्ट में कहा कि जीएसटी सुधारों से सार्वजनिक वित्त पर मामूली प्रभाव पड़ सकता है। केंद्र पर राजकोषीय बोझ केवल 18,000 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के अनुमानित जीडीपी का केवल 0.05 प्रतिशत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन सुधारों से राजस्व में अल्पकालिक कमी आएगी, लेकिन अर्थव्यवस्था पर समग्र प्रभाव सीमित रहेगा। इस बीच, एचएसबीसी ने एक अलग रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के उपभोग आधार के आधार पर कर कटौती से सकल राजस्व हानि लगभग 10.8 अरब डालर हो सकती है।



## संपादक की कलम से

# दोहरे तोहफों की दीपावली

प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से देश के साथ जो वायदा किया था, वह साकार होने की प्रक्रिया में है। वाकई इस बार दीपावली और अन्य त्योहारों पर दोहरा तोहफा मिलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद ने सुधारों के उपहार को स्वीकृति दे दी है। अब 22 सितंबर के बाद से आम आदमी, महिलाएं, पुरुष, युवा और औसत घर लाभान्वित होंगे। इस तारीख से शारदीय नवरात्र भी आरंभ हो रहे हैं। सभी का मासिक खर्च कम होगा, तो बचत बढ़ेगी। वह बचत बाजार और औसत खपत में खर्च होगी। इससे एफएमसीजी (तेजी से बिकने वाली उपभोक्ता वस्तुएं), खुदरा और ऑटोमोबाइल आदि कई क्षेत्रों में घटे दामों पर उपभोक्ता–मांग में बढ़ोतरी होगी। विनिर्माण से लेकर सेवा क्षेत्रों में वृद्धि होगी। मांग और खरीद बढ़ेगी, तो उत्पादन भी बढ़ेगा। अंतत: देश की अर्थव्यवस्था ही फलेगी–फूलेगी। रोटी, कपड़ा और घर के रोजमर्रा के सामान पर कर (जीएसटी) 12 फीसदी से घट कर 5 फीसदी और इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान पर कर 28 फीसदी से घट कर 18 फीसदी हो जाएगा, तो यकीनन आम आदमी राहत महसूस करेगा। महंगाई पहले से ही नियंत्रण में है। यदि प्रधानमंत्री रोजगार के मोर्चे पर भी स्पष्ट योजनाओं की घोषणा कर दें, तो यह देश और भी संपन्न होगा। यदि देश संपन्न होगा और खर्च का माद्दा बढ़ेगा, तो अर्थव्यवस्था भी व्यापक होगी और भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। वैसे जर्मनी और भारत की अर्थव्यवस्था के बीच बहुत कम फासला शेष है, लिहाजा हमारा तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनना तय है। जीएसटी 2.0 सुधारों के तौर पर आठ लंबे सालों के बाद ऐतिहासिक बदलाव है। उसकी प्रक्रिया को आसान बनाया गया है, नतीजतन करोड़ों व्यापारी और खुदरा–व्यवसायी लाभान्वित होंगे। अब कारोबारियों को टैक्स से जुड़े नियमों और कानूनों पर कम खर्च करना पड़ेगा। वे ग्राहक और नवाचार पर अधिक फोकस कर सकेंगे। बताया जा रहा है कि देश में कर घटाने से 2 लाख करोड़ रुपए तक की खपत बढ़ सकती है। इसका फायदा छोटे उद्यमों को ज्यादा होगा। आम आदमी और ग्राहकों को मिलने वाले उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। हालांकि कर्नाटक, तेलंगाना, जम्मू–कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, झारखंड, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसी विपक्ष–शासित राज्यों की सरकारों ने करीब 48,000 करोड़ रुपए के राजस्व नुकसान का मुद्दा उठाया है, लिहाजा केंद्र सरकार से मांग की है कि 5 साल तक मुआवजा दिया जाए और वित्तीय सुरक्षा की गारंटी दी जाए। इसमें राजनीति भी हो सकती है। बहरहाल इस मुद्दे पर पर्याप्त विमर्श हुआ होगा! सबसे महत्वपूर्ण यह है कि कैंसर समेत 33 जीवन–रक्षक दवाओं पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। अन्य सभी दवाओं पर अब जीएसटी 12 फीसदी से घट कर 5 फीसदी हो जाएगा। शिक्षण सामग्रियों में नक्शे, चार्ट, ग्लोब, पेंसिल, शार्पनर, पेस्टल, कॉपी, नोटबुक और इरेजर आदि 12 फीसदी और 5 फीसदी से घटा कर शून्य जीएसटी वाले वर्ग में डाल दिए गए हैं। इनके अलावा, हेयर ऑयल, शैंपू, टॉयलेट सोप बार, टूथ ब्रश, शेविंग क्रीम, जिम, सैलून, योग केंद्र आदि पर जीएसटी 18 फीसदी से 5 फीसदी कर दिया गया है। बटर, घी, चीज और डेयरी स्प्रेड्स, प्री–पैक नमकीन, भुजिया, मिक्सचर, बर्तन, बच्चों के नैपकिन, क्लिनिकल डायपर, सिलाई मशीन और उसके पुर्जे, हैंडीक्राफ्ट आदि पर जीएसटी 12 फीसदी से 5 फीसदी किया गया है। अल्ट्रा हाई टेंपरेचर दूध, छेना, पनीर, रोटी और खाकरा, परांठा, ब्रेड समेत सभी भारतीय रोटी पर जीएसटी अब 5 फीसदी के बजाय शून्य लगेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा 18 फीसदी से घटा कर शून्य किया गया है।


ललित शर्मा
संपादक

# भारत का जीएसटी सुधार 2025 -टैक्स ढांचे का पुनर्निर्माण और वैश्विक अर्थव्यवस्था की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम


गोंदिया

वैश्विक स्तरपर भारत की अर्थव्यवस्था ने पिछले एक दशक में अनेकों उतार-चढ़ाव देखे हैं। वैश्वीकरण, अमेरिकी टैरिफ,तेल कीमतों की अनिश्चितता, महामारी के झटके और डिजिटल क्रांति के बीच भारतीय कर प्रणाली को समय- समय पर नए स्वरूप की आवश्यकता महसूस होती रही है। इसी कड़ी में 3-4 सितंबर 2025 को आयोजित जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक ऐतिहासिक साबित हुई,जब इसमें टैक्स स्लैब को पुनर्संरचित कर 12 पर्सेंट और 28 पर्सेंट की दरों को समाप्त कर दिया गया और सैकड़ों उत्पादों को 5 व 18 पर्सेंट टैक्स स्लैब में स्थानांतरित कर दिया गया। साथ ही अनेक आवश्यक वस्तुओं को 0 पर्सेंट टैक्स स्लैब में डाल दिया गया,मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि इससे गरीबों किसानों और मध्यम वर्ग के लिए जीवन यापन आसान होगा।यह नया ढांचा 22 सितंबर 2025 से लागू होगा। साथियों बात अगर हम जीएसटी क्या है ?और इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की करें तो,वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) एक ऐसा अप्रत्यक्ष कर है, जिसे 122वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत 1 जुलाई 2017 को पूरे देश में लागू किया गया। जीएसटी का मूल उद्देश्य देशभर में एक राष्ट्र,एक टैक्स की अवधारणा को साकार करना था। इससे पहले केंद्र और राज्य स्तरपर उत्पाद शुल्क, सेवा कर, वैट, एंट्री टैक्स और लगान जैसी अनेक परतों वाले कर प्रणाली लागू थे,जिससे व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों को जटिलताओं का सामना करना पड़ता था। जीएसटी ने इन सबको समेटकर एक एकीकृत कर ढांचा दिया।आज की तारीख में दुनियाँ के 150 से अधिक देशों में इसी तरह का जीएसटी सिस्टम किसी-न-किसी रूप में लागू है। कनाडा,ऑस्ट्रेलिया, यूरोपीय संघ के अधिकांश देश, मलेशिया, सिंगापुर और यहां तक कि ब्राजील जैसे बड़े देश भी जीएसटी आधारित कर व्यवस्था से जुड़े हुए हैं।भारत का नया सुधार इसलिए भीमहत्वपूर्ण है क्योंकि अब वह वैश्विक मानकों के अनुरूप टैक्स ढांचे को और सरल बना रहा है।

साथियों बात अगर हम नए ढांचे का स्वरूप, नए टैक्स स्लैब की करें तो, नए सुधार के बाद भारत में अब टैक्स ढांचा मुख्यतः तीन बड़े स्लैब पर केंद्रित हो गया है, 0 पर्सेंट 5 पर्सेंट और 18 पर्सेंट- 0 पर्सेंट स्लैब-गरीब और मध्यम वर्ग की जरूरतों से जुड़े खाद्यान्न, दालें, फल, सब्जियां, स्कूल किताबें, प्राथमिक शिक्षा सेवाएं और जीवनरक्षक दवाइयां इसमें शामिल हैं। यह स्लैब सीधे तौर पर समाज के कमजोर तबकों को राहत देने के लिए बनाया गया है।5 पर्सेंट स्लैब,इसमें रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं, कुछ डेयरी प्रोडक्ट्स, सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं और छोटे व्यापार से संबंधित सामान आते हैं।18 पर्सेंट स्लैब- इसमें इलेक्ट्रॉनिक्स, बीमा,निर्माण कार्य,उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं,औद्योगिक उत्पादन, लक्जरी सामान और उच्च मूल्य के कंज्यूमर गुड्स शामिल हैं।12पर्सेंट और 28 पर्सेंट स्लैब हटाने से टैक्स ढांचा सरल हुआ है। पहले जहां चार से अधिक प्रमुख दरें थीं,अब यह तीन स्लैबों में सिमट गया है,जिससे न केवल व्यापारियों के लिए टैक्स अनुपालन आसान होगा बल्कि आम उपभोक्ता को भी स्पष्टता मिलेगी। साथियों बातें अगर हम किन क्षेत्रों को मिलेगा लाभ? इसको समझने की करें तो,नए ढांचे के सबसे बड़े लाभार्थी वे क्षेत्र हैं जो प्रत्यक्ष रूप से गरीब, मध्यम वर्ग, उद्योग और सामाजिक जरूरतों से जुड़े हैं। (1)डेयरी प्रोडक्ट्स : दूध, पनीर, दही, घी और पोषण संबंधी उत्पादों पर टैक्स संरचना सरल होने से कीमतें स्थिर रहेंगी।इससे किसानों और उपभोक्ताओं दोनों को लाभ होगा। (2)बीमा क्षेत्र- स्वास्थ्य व जीवन बीमा पर बीमा प्रीमियम पर 0पर्सेंट टैक्स लागू होने से उपभोक्ताओं के लिए प्रीमियम लागत कम हो सकती है।इससे जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा और पेंशन योजनाओं में भागीदारी बढ़ेगी। (3)निर्माण और आवास-घर बनाने के लिए आवश्यक सीमेंट, स्टील, टाइल्स और सेवाओं पर कर भार कम होने से घर की लागत घटेगी। यह मध्यम वर्ग और रियल एस्टेट उद्योग दोनों के लिए लाभकारी है (4) इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र,मोबाइल, लैपटॉप और घरेलू उपकरणों की कीमतें स्थिर होने से डिजिटल इंडिया अभियान को गति मिलेगी। (5) मेडिकल और पोषण क्षेत्र :जीवन रक्षक दवाओं को 0% स्लैब और अन्य चिकित्सा उपकरणों को 5 पर्सेंट-18 पर्सेंट स्लैब में रखने से स्वास्थ्य सेवाएं सस्ती होंगी।(6) एमएसएमई और बड़े उद्योग- सरल टैक्स स्लैब से छोटे और मझोले उद्योगों को अनुपालन लागत कम होगी, जबकि बड़े उद्योगों को उत्पादन और निर्यात बढ़ाने में बहुत विशाल सहूलियत होगी। साथियों बात अगर हम जीएसटी रिफॉर्म करने का सरकार का मकसद और आम आदमी का फायदा होने की करें तो,जीएसटी सुधार का सबसे बड़ा मकसद है, (1) गरीबों और मध्यम वर्ग को राहत देना। नई दरों से- गरीब तबके को 0 पर्सेंट टैक्स स्लैब से सस्ते में भोजन और दवाइयां मिलेंगी, (2) घर बनाने वालों को कम खर्च आएगा,(3) बीमा सस्ता होगा, (4) स्वास्थ्य सेवाएं किफायती होंगी, (5) छोटे उद्योगों को प्रतिस्पर्धा में मजबूती मिलेगी,(6) और महंगाई का दबाव घटेगासरकार यह संदेश देना चाहती है कि टैक्स नीति सिर्फ राजस्व बढ़ाने का साधन नहीं, बल्कि आर्थिक न्याय और सामाजिक सुरक्षा का भी सशक्त औजार है। साथियों बात अगर हम टैक्स के स्लैब में परिवर्तन करने से करीब 85000 करोड़ का घाटा और भरपाई के उपायों को समझने की करें तो, सरकार का अनुमान है कि दरें घटाने और कई वस्तुओं को 0 पर्सेंट टैक्स स्लैब में डालने से उसे लगभग 85,000 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान हो सकता है। लेकिन इसकी भरपाई के लिए बड़े उपाय किए गए हैं, 40 पर्सेंट स्लिप से रिकवरी-टैक्स अनुपालन बढ़ने, ई-इनवॉइसिंग और डिजिटल ट्रैकिंग से टैक्स चोरी में कमी आएगी और इससे राजस्व की बड़ी मात्रा में भरपाई होगी। साथियों बात अगर हम अमेरिकी टैरिफ और भारत की रणनीति को समझने की करें तो, हाल के वर्षों में अमेरिका ने भारत सहित कई देशों के खिलाफ टैरिफ हथियार के रूप में इस्तेमाल किए हैं। इस पृष्ठभूमि में जीएसटी सुधार भारत की आंतरिक ताकत को बढ़ाने का जरिया है। (1) सरल टैक्स ढांचा विदेशी निवेशकों को आकर्षित करेगा। (2) घरेलू उद्योग को प्रतिस्पर्धी बनाएगा।(3)निर्यात लागत कम होने से अमेरिका और यूरोप के टैरिफ का दबाव कम महसूस होगा।यह सुधार संकेत देता है कि भारत आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के बीच संतुलन बनाना चाहता है।

साथियों बातें अगर हम जीएसटी सुधारो के पीछे संभव होता है राजनीतिक विमर्श,राहत या सियासत? की करें तो, जब 2017 में जीएसटी लागू हुआ था तब सरकार ने इसे ‟वन नेशन, वन टैक्स” कहकर ऐतिहासिक बताया था और तर्क दिया था कि उच्च दरें राजस्व जुटाने के लिए जरूरी हैं। अब 2025 में दरें घटाने पर वही सरकार कह रही है कि, इससे उपभोक्ताओं को राहत और उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा। अब सवाल उठता है, क्या यह आर्थिक विवशता है या राजनीतिक रणनीति ?दरअसल, यह दोनों का मिश्रण है। वैश्विक मंदी, अमेरिकी दबाव और घरेलू महंगाई ने सरकार को दरें घटाने पर मजबूर किया। साथ ही, यह कदम गरीबों, मध्यम वर्ग और छोटे उद्योगों को चुनावी वर्ष में राहत देने की रणनीति भी हो सकता है। साथियों बात अगर हम जीएसटी सुधारो को सामाजिक दृष्टिकोण, जैसे घर के बड़े समझाते हैं थ्योरी को समझने की करें तो, अगर इस सुधार को सामाजिक रूप से समझा जाए तो यह बिल्कुल वैसा है जैसे घर के बड़े सदस्य बच्चों को जीवन जीने का तरीका बताते हैं (1) ‟भोजन और स्वास्थ्य सबसे पहले”- इसलिए खाद्यान्न और दवाइयां 0% स्लैब में।(2)‟स्वास्थ्य का ध्यान रखो”- इसलिए मेडिकल और बीमा क्षेत्र सस्ता।(3)‟घर बनाओ” -इसलिए कंस्ट्रक्शन सेक्टर को राहत।(4)‟बच्चों की पढ़ाई जरूरी है”-इसलिए शिक्षा सेवाएं किफायती (5)‟फालतू दिखावा मत करो”-इसलिए लक्जरी सामान पर टैक्स ऊंचा रखा गया।यह सुधार दर्शाता है कि सरकार टैक्स नीति को सिर्फ राजस्व का औजार नहीं, बल्कि समाज के कल्याण का ढांचा मानकर आगे बढ़ रही है। साथियों बात अगर हम इन जीएसटी सुधारो को अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य के रूप में समझने की करें तो,विश्व अर्थव्यवस्था आज दो ध्रुवों में बंटी हुई है,अमेरिकी प्रभुत्व और एशियाई उभार। ऐसे समय में भारत का टैक्स सुधार एक सॉफ्ट पावर मॉडल के रूप में सामने आ रहा है।(1) यूरोप ने भी 2008 मंदी के बाद टैक्स स्लैब घटाकर अर्थव्यवस्था को स्थिर किया था। (2) चीन ने निवेश आकर्षित करने के लिए टैक्स दरें लचीली बनाई थीं।(3) भारत अब उसी राह पर चल रहा है।इससे भारत की छवि निवेश के लिए सुरक्षित और आकर्षक गंतव्य के रूप में मजबूत होगी। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत का जीएसटी सुधार 2025 सिर्फ एक वित्तीय पहल नहीं बल्कि आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन का प्रतीक है। यह सुधार भारत को न केवल घरेलू स्तर पर महंगाई से राहत दिलाएगा बल्कि वैश्विक मंच पर उसे और मजबूती से खड़ा करेगा।



## मोनिका डागा

## गुरुदेव

## कविता



माता–पिता ही है सर्व प्रथम गुरु अबोध बालक के,
गढ़ते शुभ संस्कार व अनमोल अनुभव जीवन के,
करो सदैव ही तुम अपने माता–पिता का आदर,
ताकि भरी रहे ‟आनंद” खुशियों से जीवन गागर ।

शिक्षा का सुरक्षित कवच धारण करना है आवश्यक,
जीवन के अंजाने उतार चढ़ाव में यही बनती सहायक,
अशिक्षा से जीवन में जन्म लेती है भयावह कुरीतियॉं,
शिक्षा से संवरती और निखरती है करोड़ों ज़िंदगियॉं ।

मेहनत के सुंदर पुष्प दक्षिणा स्वरूप करो तुम अर्पण,
अपने गुरूदेव के प्रति हो सत्यनिष्ठा सेवाभाव समर्पण,
सजा लो अपने जीवन के खूबसूरत सुखद दिनमान,
गुरु की दी हुई शिक्षा का करो तुम हृदय से सम्मान ।

उच्चतम मयार्दाओं का जीवन में किया हो सुश्रृंगार,
करते रहो गुरुवर के प्रति कृतज्ञता, प्रेम व आभार,
मधुर आचरण व्यवहार मधुर वाणी से हो सुवासित,
ज्ञानमय ज्योत से जीवन ज्योति हो नित प्रकाशित ।

तमस को मिटाकर भरो इन्द्रधनुषी रंगत जीवन में,
हो ज्ञान रूपी दृढ़ आत्मविश्वास संकल्पित मन में,
आभासी दुनिया में अकेला समझ मत खो जाना,
गुरुवर का हाथ पकड़ सद्मार्ग पर बस चलते जाना ।

## राष्ट्रीय शिक्षक दिवस - 5 सितम्बर 2025 पर विशेष

# शिक्षक ज्ञानवान ही नहीं चरित्रवान पीढ़ी का निर्माण करें


ललित गर्ग

शिक्षक ही सभ्यता और संस्कृति के असली शिल्पी होते हैं। विज्ञान, तकनीक और राजनीति चाहे जितनी प्रगति कर लें, यदि शिक्षा और शिक्षक दिशा न दें तो मानवता दिशाहीन हो जाती है। इसी कारण 5 सितम्बर को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस मनाने की परंपरा आरंभ हुई। भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन 5 सितंबर को होता है, जो भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य समाज में शिक्षक के महत्व, उनके योगदान और मार्गदर्शक भूमिका को सम्मान देना है। यह अवसर विद्यार्थियों और समाज को याद दिलाता है कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले ही नहीं बल्कि आदर्श, प्रेरक और चरित्र-निमार्ता भी होते हैं। आज जबकि नया भारत-सशक्त भारत-विकसित भारत निर्मित हो रहा है, तब शिक्षकों की भूमिका अधिक प्रासंगिक हो गयी है।

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितम्बर 1888 को आंध्र प्रदेश के तिरुत्तनी में हुआ था। वे एक महान दार्शनिक, विद्वान, शिक्षक और राजनेता थे। उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और कलकत्ता विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में दर्शनशास्त्र पढ़ाया। उनकी पुस्तकें इंडियन फिलोशॉफी दी हिन्दू व्यूह ऑफ लाइफ और दी आइडलिस्ट ऑफ लाइफ विश्व स्तर पर प्रसिद्ध हुईं। वे 1952 से 1962 तक भारत के उपराष्ट्रपति और 1962 से 1967 तक भारत के राष्ट्रपति रहे। उन्हें 1954 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। जब वे राष्ट्रपति बने तो उनके कुछ शिष्यों और मित्रों ने उनका जन्मदिन मनाने की इच्छा व्यक्त की। इस पर उन्होंने विनम्रता से कहा कि यदि आप लोग मेरे जन्मदिन को विशेष रूप से मनाना चाहते हैं तो उसे शिक्षक दिवस के रूप में मनाइए। तब से ही 5 सितम्बर राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। डॉ. राधाकृष्णन का संदेश यही था कि शिक्षक समाज की रीढ़ हैं और उनका सम्मान करना ही वास्तविक राष्ट्र निर्माण है। निश्चित ही शिक्षकों का यह सम्मान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के भविष्य का घोषणापत्र है। यह दिवस राष्ट्र को शिक्षा, विज्ञान, शांति एवं प्रगति का सन्देश देने के लिए कृत संकल्पित है। भारत का इतिहास शिक्षा की गौरवमयी परंपरा से जुड़ा है। प्राचीन समय से भारत शिक्षा का बड़ा केन्द्र रहा है और उसने संसार में जगतगुरु की भूमिका निभाई है। नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालयों ने भारत को जगतगुरु का दर्जा दिलाया। महान् दार्शनिक आचार्य महाप्रज्ञ ने कहा था-व्यक्तित्व-निर्माण का कार्य अत्यन्त कठिन है और यह केवल निःस्वार्थी एवं जागरूक शिक्षक ही कर सकता है। यह वाक्य हमें याद दिलाता है कि शिक्षक केवल जानकारी देने वाला नहीं, बल्कि जीवन का मार्गदर्शक है। प्राचीन भारतीय दृष्टि में शिक्षा का उद्देश्य सा विद्या या विमुक्तये रहा है, अर्थात शिक्षा वही है जो मुक्ति दिलाए। लेकिन आधुनिक परिप्रेक्ष्य में यह सा विद्या या नियुक्तये बन गई है अर्थात शिक्षा वही है जो नौकरी दिलाए। यही कारण है कि स्कूलों और विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़ने के बावजूद समाज में अपराध और भ्रष्टाचार भी बढ़ रहे हैं। महात्मा गांधी का यह कथन आज भी प्रासंगिक है- एक स्कूल खुलेगा तो सौ जेलें बंद होंगी। परन्तु आज स्थिति इसके विपरीत है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने इस दृष्टिकोण को बदलने का प्रयास किया है। इसमें केवल क्या पढ़ना है पर ही नहीं, बल्कि कैसे पढ़ना है, इस पर भी जोर दिया गया है। आलोचनात्मक सोच, समस्या-समाधान, उद्यमशीलता और नैतिकता को शिक्षा के केंद्र में रखा गया है। लेकिन इन सभी का केन्द्रबिंदु शिक्षक ही है। यदि शिक्षक प्रेरणाहीन, निरुत्साहित या असंवेदनशील होंगे तो कोई भी नीति सफल नहीं हो सकती। शिक्षा केवल किताबों और पाठ्यक्रम से नहीं, बल्कि शिक्षक की जीवंत उपस्थिति से सार्थक होती है। पूर्व राष्ट्रपति एवं वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा था-अगर कोई देश भ्रष्टाचार मुक्त है और सुंदर दिमागों का राष्ट्र बन गया है, तो उसके लिए तीन प्रमुख व्यक्ति जिम्मेदार होंगे-पिता, माता और शिक्षक। यह कथन शिक्षक के महत्व को सर्वोच्च स्थान पर स्थापित करता है। भारत अमृतकाल की ओर बढ़ रहा है। 2047 तक विकसित भारत का स्वप्न तभी साकार होगा जब हमारे शिक्षक नई पीढ़ी को केवल ज्ञानवान नहीं, बल्कि चरित्रवान भी बनाएंगे। राष्ट्रीय स्तर पर भी शिक्षा की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। नेल्सन मंडेला ने कहा था- शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिससे दुनिया बदली जा सकती है। युद्ध और आतंक के बीज मानव मस्तिष्क में जन्म लेते हैं, इसलिए बचपन से ही शांति और सह-अस्तित्व के बीज बोने होंगे। बच्चों को अपने देश से प्रेम के साथ विश्व-प्रेम यानी मानवता का पाठ सिखाना होगा, तभी दुनिया से युद्ध, हिंसा, आतंक का खात्मा होगा। भारतीय संस्कृति का वसुधैव कुटुम्बकम् मूल मंत्र इसमें सहायक बन सकता है। लेकिन वास्तविकता यह है कि शिक्षा और शिक्षक दोनों का स्वरूप धीरे-धीरे मिशन से व्यवसाय की ओर झुकता जा रहा है। ज्ञान की बोली लग रही है, शिक्षक और छात्र के संबंधों में अविश्वास और हिंसा की खबरें बढ़ रही हैं। शिक्षा का व्यापारीकरण रोकने और उसे मानवीय मूल्यों से जोड़ने की जिम्मेदारी सबसे पहले शिक्षकों पर ही आती है।



आज आवश्यकता केवल शिक्षा क्रांति की नहीं, बल्कि शिक्षक क्रांति की भी है। अच्छे पाठ्यक्रम, नई तकनीक और आधुनिक संस्थानों की व्यवस्था तभी सार्थक है जब उनके केंद्र में ऐसे शिक्षक हों, जो छात्रों को प्रेरणा दें, जो उनके सर्वांगीण विकास का माध्यम बनें। खेत, बीज और उपकरण के रहते हुए किसान न हो तो सब बेकार है। उसी प्रकार, विद्यालय, पाठ्यक्रम और तकनीक के रहते हुए यदि शिक्षक नहीं हैं तो सब निरर्थक है। स्वामी विवेकानंद ने भी कहा था- सर्वांगीण विकास का अर्थ है हृदय से विशाल, मन से उच्च और कर्म से महान।

शिक्षक ही ऐसे व्यक्तित्व गढ़ते हैं। शिक्षा के बदलते अर्थ ने समाज की मानसिकता को बदल दिया है। यही कारण है कि आज समाज में लोग केवल शिक्षित होना चाहते हैं, सुशिक्षित यानी गुण-सम्पन्न नहीं बनना चाहते। मानो उनका लक्ष्य केवल बौद्धिक विकास ही है। इन स्थितियों से शिक्षकों को बाहर निकलने में नई शिक्षा नीति से बहुत अपेक्षाएं हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# पुलिस अधीक्षक, रामपुर की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में किया गया साइबर कार्यशाला का आयोजन





**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में आई.सी.आई.सी.आई. बैंक अधिकारियों द्वारा साइबर कार्यशाला का आयोजन किया गया ।कार्यशाला में बैंक प्रतिनिधियों एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर ( नोडल अधिकारी, साइबर क्राइम ) द्वारा पैसों के लेन-देन में होने वाले साइबर फ्रॉड के प्रकार, उनसे बचाव के उपाय एवं इन्वेस्टिगेशन से सम्बन्धित तकनीकी जानकारियाँ साझा की गईं । समस्त थाना साइबर सैल एवं थाना साइबर क्राइम पुलिस कर्मियों को फिशिंग, स्मिशिंग, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल्स व यूजर आईडी-पासवर्ड की सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी ।पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते समय में साइबर अपराधों की जाँच हेतु तकनीकी ज्ञान का होना अति आवश्यक है ।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी, शाहबाद मौजूद रहे साइबर क्राइम से बचाव के उपाय पासवर्ड सुरक्षा हमेशा मजबूत पासवर्ड बनाएं ( अक्षर, अंक, प्रतीक का मिश्रण ) पासवर्ड समय-समय पर बदलें । एक ही पासवर्ड कई जगह इस्तेमाल न करें बैंक कभी भी कॉल/मैसेज पर आपकी गोपनीय जानकारी नहीं मांगता । संदिग्ध लिंक और रटर से सावधानी अज्ञात लिंक, ई-मेल या रटर पर क्लिक न करें फर्जी लॉटरी, इनाम या ङउ अपडेट के नाम पर आने वाले संदेशों से सतर्क रहें सोशल मीडिया सुरक्षा अपनी व्यक्तिगत जानकारी (मोबाइल, पता, बैंक डिटेल्स) सार्वजनिक न करें अजनबी फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें ऑनलाइन खरीदारी केवल भरोसेमंद और सुरक्षित वेबसाइट/ऐप से ही खरीदारी करें साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

# दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की काउंसलिंग का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा।** भगतपुर टाण्डा की बीआरसी नेकपुर में गुरुवार को समेकित शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों के 50 अभिभावकों की काउंसलिंग का आयोजन किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम का लक्ष्य दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना और अभिभावकों को जागरूक करना था। मोहित कुमार ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की और शासन की सुविधाओं, जैसे विशेष शिक्षण सामग्री व छात्रवृत्ति, की जानकारी दी। मॉडल पर्सन मोहम्मद एजाज ने अपनी प्रेरक कहानी साझा कर बताया कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं, बल्कि साहस से जीती जा सकने वाली चुनौती है। फिजियोथेरेपिस्ट सैय्यद सईम रजा ने समय पर उपचार और फिजियोथेरेपी के महत्व पर जोर दिया, जो बच्चों को शारीरिक-मानसिक रूप से सशक्त बना सकती है। बीआरसी स्टाफ के सहयोग से कार्यक्रम पूरी तरह सफल रहा। स्पेशल एजुकेटर रूप सिंह, विशाल यादव, नरेंद्र कुमार यादव, गौरी राठौर और बीआरसी के लेखाकार अब्दुल वाजिद आदि मौजूद रहे।

# मानवाधिकार परिषद युवा टीम द्वारा रक्तदान शिविर आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**चांदपुर ;** क्षेत्र के विकासखंड जलीलपुर ब्लॉक में दिन बृहस्पतिवार को एसकेजी बैंकट हॉल में मानवाधिकार परिषद युवा टीम बिजनौर ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें न्यूट्रिमा ब्लड बैंक की टीम ने आकर बैंकट हॉल में ब्लड कैंप लगाया जिसका संचालन जिला अध्यक्ष सानू अग्रवाल और जिला उपाध्यक्ष गौरव वर्मा के संचालन में हुआ। जिसमें सानू अग्रवाल द्वारा क्षेत्र के सभी सम्मानित पत्रकारों को सम्मानित किया गया और क्षेत्र के सभी युवाओं ने बैंकट हॉल में जाकर रक्तदान किया । दैनिक अयोध्या टाइम्स के संवाददाता और अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब बिजनौर के ब्लॉक अध्यक्ष अमित शर्मा ने 8वी बार रक्त दान किया। अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब बिजनौर के जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा ने 40वी बार रक्तदान किया और क्षेत्र के युवाओं से रक्तदान करने की अपील की और जिला पंचायत सदस्य सरिता सैनी ने भी जाकर रक्तदान कर रहे युवाओं का हौसला बढ़ाया और उनकी सराहना की। इस मौके पर संचालक जिला अध्यक्ष सानू अग्रवाल, युवा जिला उपाध्यक्ष गौरव वर्मा, जिला उपाध्यक्ष युवा जिला सचिव युवा प्रियांशु सैनी, इस कार्य से क्षेत्र में मानवाधिकार परिषद युवा टीम द्वारा रक्तदान शिविर आयोजन की प्रशंसा हो रही है।

# ब्राह्मण महासभा महानगर ने किया शिक्षकों और मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान

**वेलकम इंडिया**



**मुरादाबाद।** जीवन में यदि हम कोई भी लक्ष्य निर्धारित करें तो उसे अपनी मेहनत और लग्न के बल पर प्राप्त कर ही लेते हैं।ये उद्गार जिला विद्यालय निरीक्षक मुरादाबाद देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा महानगर इकाई द्वारा आयोजित शिक्षक एवं मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में व्यक्त किए। बुद्धि विहार स्थित बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदा, भगवान परशुराम एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। एसवीएम इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना पर नृत्य की प्रस्तुति दी । महानगर अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।महामंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यकम की अध्यक्षता कर रहे जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है। आज के दिन हम संकल्प लें कि जीवन में मिली हर जिम्मेदारी का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उन्होंने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा हेतु मन की एकाग्रता सबसे महत्वपूर्ण है। सोशल मीडिया से स्वयं को दूर रखकर मन को शिक्षा ग्रहण की ओर लगाएं। विशिष्ट अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में अच्छा संदेश जाता है ।शिक्षकों और बच्चों को भी जीवन में और बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है। कोठीवाल डेंटल कॉलेज के निदेशक डॉ के के मिश्रा ने कहा समाज निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसको उन्हें पूरी इमानदारी से निभाना चाहिए।उन्होंने छात्र छात्राओं से हर क्षेत्र में अपना 100 प्रतिशत देने का आह्वान किया। ब्राह्मण महासभा के मार्गदर्शक डॉ प्रदीप शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण महासभा का यह 19 वाँ सफल आयोजन है, जो समाज के सहयोग के बिना संभव नहीं है। इस अवसर पर माध्यमिक, बेसिक और अंग्रेजी माध्यम के 40 शिक्षकों और यूपी बोर्ड, सीबीएससी और आईसीएससी बोर्ड के 60 छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विमलेंद्र शर्मा ने सभी का आभार किया। संचालन प्रतिष्ठित कवि मयंक शर्मा ने किया। इस अवसर पर पंतनगर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति अनिल कुमार शुक्ला, प्रायोजक राजेश कौशिक, स्वागत अध्यक्ष रौनक शुक्ला, संयोजक अवधेश पाठक, गोपाल मिश्रा, शरद चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष सतेंद्र शर्मा, राज्य आदर्श शिक्षक पं.राधेश्याम शर्मा, अरुण शर्मा, अरविंद शर्मा, डा. एच पी शर्मा, डा.ए पी शर्मा, संजय स्वामी, अनिमेष शर्मा, राजेंद्र मोहन शर्मा, नरेश शर्मा, राजेश त्रिपाठी, श्याम मोहन पंडित, महेश चंद्र शर्मा, वन्दे भारत के प्रान्तीय संयोजक पं.धवल दीक्षित, करणवीर शर्मा, रामप्रकाश शर्मा, विजय लक्ष्मी पंडित, चंचल शर्मा, नकुल शर्मा, डा. शरद शर्मा, डा.एपी शर्मा, योगेश दुबे, मनमोहन कौशिक, डा. राजीव शर्मा, नीटू उपाध्याय, डा.आर पी शर्मा, कर्नल एस बी शर्मा, श्याम बिहारी शर्मा आदि मौजूद रहे।

# यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस




**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर :** यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। ज्ञातव्य है कि शिक्षक दिवस हमारे देश के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के उपलक्ष्य मे मनाया जाता है। कार्यक्रम प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी और उपप्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी, उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने संयुक्त रूप से राधा कृष्ण जी के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सभी शिक्षकों को तिलक लगाकर और उपहार देकर सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद लिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत गुरु वन्दना और गुरु वाणी से की गई। इसके पश्चात छात्र/छात्राओं ने नृत्य गीतऔर नाटक के माध्यम से गुरु के महत्व को दिखाया जिसे देखकर सभी मंत्र मुग्ध हो गए। छात्र शिक्षक के योगदान और उनके महत्व पर बच्चों ने भाषण भी दिये। तथा शिक्षकों के सम्मान में और भी अनेक कार्यक्रम किए गए। बच्चों द्वारा अपने प्रिय शिक्षकों के लिएविभिन्न गेम्स का भी आयोजन किया गया। शिक्षक बच्चों के इन भावों से बहुत प्रभावित हुए और इस दिन को खास बनाने के लिए बच्चों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की ।कार्यक्रम के अंत में केक भी काटा गया। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों और बच्चों को धन्यवाद दिया और अपने संबोधन में शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि शिक्षक दिवस उत्सव के रूप में मनाया जाता है शिक्षक ही बच्चों को सही मार्ग दिखाकर उनके लक्ष्य की ओर ले जाता है। शिक्षक ही राष्ट्र का निमार्ता है। उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने भी सर्वप्रथम सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि शिक्षक ही बच्चों को जीवन में नित दिन नई ऊंचाई हासिल करने वाला मार्ग दिखाता है उन्होंने बच्चों को गुरु का सम्मान करने की सलाह दी और कहा कि शिक्षक हमारे मार्ग दर्शक होते हैं जो हमारे जीवन को ज्ञान से रोशन करते हैं। अंत में सभी शिक्षकों को मनोरंजन के लिए एसआरएस मॉल में एक पिक्चर दिखाई गई।। कार्यक्रम को सफल बनानें में एक्टिविटी इंचार्ज मिस्टर अभिलाष, अनीता चौधरी, सीनियर कॉर्डिनेटर कविता शर्मा, और अन्य कॉर्डिनेटर सूरज, रूपाली, डांस शिक्षक ओम, म्यूजिक शिक्षक नितिन, संजय, फाइन आर्ट इंचार्ज नितिन चौधरी तथा सभी शिक्षकों/शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

# जनपद सहारनपुर के सभी थानों की पुलिस ने अलग अलग स्थानों से 125 वारंटी आरोपी को किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**

**सहारनपुर।** सहारनपुर जनपद पुलिस ने डीआईजी अभिषेक सिंह के निर्देश पर विशेष अभियान के तहत 125 एनबीडब्ल्यू/वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। एसएसपी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार डीआईजी अभिषेक सिंह के निर्देश पर जनपद पुलिस द्वारा वारंटी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए बृहस्पतिवार को विशेष अभियान चलाया गया जिसके तहत जनपद सहारनपुर में समस्त थानों की पुलिस ने 125 वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस ने दो, मंडी कोतवाली पुलिस ने तीन, कुतुबशेर पुलिस ने दो, सदर बाजार पुलिस ने तीन, कोतवाली देहात पुलिस ने दस, थाना जनकपुरी पुलिस ने तीन, गागलहेड़ी पुलिस ने ग्यारह, फतेहपुर पुलिस ने छह, चिलकाना पुलिस ने छह, देवबंद पुलिस ने सात, नागल पुलिस ने तीन, नकुड़ कोतवाली पुलिस ने 14 वारंटी आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर उनके घरों से दबिश देकर दबोच लिया।

# बैंक सखी एवं एफ एल सीआरपी की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**स्योहारा।** विकास खंड स्योहारा के डवाकरा हाल में बैंक सखी एवं एफ एल सीआरपी की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में बैंक सखियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की शाखा-वार समीक्षा की गई, जिसमें बैंक खाता संचालन, सीसीएल (कैश क्रेडिट लिमिट) की स्थिति तथा समूहों की वित्तीय प्रगति पर विशेष ध्यान दिया गया। बैठक में प्रतिभागियों को समूह का कट-ऑफ भरने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे डेटा संकलन और रिपोर्टिंग में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। साथ ही, कार्य प्रणाली में सुधार हेतु प्रायोगिक सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। बैंक सखियों की शाखा-वार कार्यप्रगति की समीक्षा एफएलसीआरपी के तहत वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के उपाय समूहों के डेटा प्रबंधन में सुधार हेतु प्रशिक्षण कार्य में गुणवत्ता और प्रभावशीलता लाने पर बल बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने बैंक सखियों और एफएलसीआरपी प्रतिनिधियों को उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें और अधिक सक्रिय एवं सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। एडीओ आईएसबी मुकुल वशिष्ठ, ने बिंदुवार समूह सखियों को प्रशिक्षण में जानकारी देते हुए कहा कि मीटिंग में समस्त समूह सखियों का उपस्थित होना अनिवार्य है ! ब्लॉक मिशन प्रबंध अतुल चिकारा ने मीटिंग को सफल बनाने में समस्त समूह सखियों का आभार व्यक्त करते हुए, इस संबंध में प्रत्येक विषय पर चर्चा की गई।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी रिश्वतखोरी पकड़वाने वालों का उ०प्र०उद्योग व्यापार मंडल नागरिक अभिनंदन करेगा : शैलेंद्र शर्मा

**वेलकम इंडिया गुलाजर आलम**



रामपुर के जी०एस०टी०विभाग कार्यालय में तैनात असिस्टेंट कमिश्नर द्वारा व्यापारी की फर्म के रजिस्ट्रेशन के बदले में रिश्वत लेने के संबंध में कल जो घटनाक्रम हुआ है उस संबंध में ₹उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल₹ ने तय किया है कि रिश्वत पकड़वाने वाले व्यापारी और सर्तकता विभाग बरेली की टीम का नागरिक अभिनंदन कर सम्मान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वक्त रिश्वतखोरी चरम पर है केवल वही अधिकारी एवं कर्मचारी ईमानदार है जो पकड़ा नहीं गया है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल₹ हमेशा से रिश्वतखोरी एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग लड़ता आ रहा है और कल इस संबंध में एक बड़ी कामयाबी उस वक़्त मिली जब एक भ्रष्टाचारी रंगे हाथों पकड़ा गया। बेईमान सावधान रहें उनकी बेईमानी संगठन की निगाह में है। उन्होंने व्यापारी समाज से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी काम के लिए किसी भी कर्मचारी अधिकारी को कतई रिश्वत न दें यदि कोई कर्मचारी अधिकारी आपसे रिश्वत मांगे तो तुरंत इसकी सूचना व्यापार मंडल या विजिलेंस विभाग को देकर उक्त अधिकारी को तुरंत पकड़वाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सरकारी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी आम जनता और आम व्यापारी पर छापामारी करते हैं उसी तर्ज.पर समानुपात में सरकारी नौकरशाही पर भी छापेमारी हो। व्यापार मंडल की मांग है कि यदि दस व्यापारी ठिकानों पर छापामारी हो तो दस अधिकारियों कर्मचारियों के ठिकानों पर भी छापामारी होना चाहिये और यह नियमित रूप से हो न के मामले सिर्फ शिकायत के आधार पर ही हों। अकूत दौलत इन छापों में मिलेगी जब जब इस प्रकार के छापे पड़े हैं तो करोड़ों अरबों रुपए की बेनामी संपत्ति का पदार्फाश हुआ है।

# शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ

**वेलकम इंडिया**



रामपुर रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय में दिनांक 4 सितम्बर 2025 को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र द्वारा किया गया। अपने सारगर्भित एवं प्रेरणादायी संबोधन में डॉ. मिश्र ने कहा कि शिक्षक दिवस प्रत्येक वर्ष 5 सितम्बर को भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद् एवं दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर मनाया जाता है। शिक्षक हमारे जीवन के मार्गदर्शक होते हैं। वे केवल शिक्षा नहीं देते, बल्कि हमें अच्छे संस्कार, जीवन मूल्यों और मानवता का पाठ भी पढ़ाते हैं। शिक्षक दिवस हमें उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक सुनहरा अवसर देता है। डॉ. मिश्र ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन से दो महत्वपूर्ण घटनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि जब वे सोवियत संघ के तत्कालीन शासक स्टालिन से मिलने गए, तो विदा लेते समय उन्होंने स्नेहपूर्वक उनके कंधे पर हाथ रखा। यही व्यवहार उन्होंने चीन के तत्कालीन नेता माओ त्से तुंग के साथ भी किया। यह घटनाएँ यह सिद्ध करती हैं कि भारत में गुरु का स्थान सर्वोच्च है। चाहे शासक कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो, वह एक सच्चे आचार्य से ऊपर नहीं हो सकता, उन्होंने आगे सर सैयद अहमद खाँ के संदर्भ में कहा कि जब उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की स्थापना की, तो उन्हें कट्टरपंथी विरोध और फतवों का सामना करना पड़ा। लेकिन आज वही विश्वविद्यालय विश्वभर में प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, डॉक्टरों और शिक्षाविदों को जन्म दे रहा है। जब व्यक्ति अज्ञान और अंधकार में जीता है, तब वह दूसरों के विरुद्ध षड्यंत्र करता है।

# पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**कपिलवस्तु/मोहाना/सिद्धार्थनगर।** आगामी पांच सितंबर को मनाए जाने वाले ईद मिलादुन्नबी त्योहार की तैयारियां जोरों पर हैं। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कपिलवस्तु पुलिस,मोहाना पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने संयुक्त फ्लैग मार्च निकाला।

कपिलवस्तु थाना प्रभारी बृजेश सिंह के नेतृत्व में निकाले गए इस फ्लैग मार्च में बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी शामिल हुए। सुरक्षा बल कस्बा अलीगढ़वा,बजहां बाजार और नोनहवा कस्बा सहित प्रमुख मार्गों से गुजरे।फ्लैग मार्च के दौरान थानाप्रभारी बृजेश सिंह और जितेंद्र कुमार ओझा कमांडेंट 91 वाहिनी द्रुत कार्य बल व



जगदीप सिंह सहायक कमांडेंट 91 वाहिनी द्रुत कार्य बल की टीम के साथ फ्लैट मार्च किया गया।

स्थानीय लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहार के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। साथ ही चेतावनी दी है कि अशांति फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मोहाना थाना प्रभारी रोहित कुमार उपाध्याय के नेतृत्व मे कस्बा मोहाना बाजार व बर्डपुर बाजार मे सीआरपीएफ के जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला।थानाप्रभारी रोहित कुमार उपाध्याय व जितेंद्र कुमार ओझा कमांडेंट 91 वाहिनी द्रुत कार्य बल व जगदीप सिंह सहायक कमांडेंट 91 वाहिनी द्रुत कार्य बल की टीम के साथ रुट मार्च किया गया।रुट मार्च के दौरान महत्वपूर्ण स्थान एवं दंगा संभावित स्थानों की भौगोलिक स्थिति के बारे में जानकारी एकत्रित किया गया।जिससे भविष्य में सांप्रदायिक हिंसा व कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने के लिए उस स्थान पर कम से कम समय पर पहुंचा जा सके तथा स्थिति पर नियंत्रण किया जा सके। बारावफात को सकुशल सम्बन्न कराये जाने के दृष्टिगत थाना मोहाना के कस्बा बर्डपुर में रूट मार्च कर आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया तथा शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की गयी।

## सूअर के हमले में ग्रामीण घायल

**बागेश्वर।** गांव गांव हो गया जंगली सुअरों का आतंक, क्या खून पसीने से उगाई गई खेती जंगली जानवरों के सुपुर्द कर दें।जंगली सुअर काश्तकारों की फसलों को पलक झपकते ही नष्ट कर दे रहे हैं वही लोगों को अब इनसे जानमाल का भी खतरा होने लगा है। सूअरों के हमले में एक वृद्ध घायल हो गए हैं।उन्हें परिजन ने जिला अस्पताल में भर्ती किया है। चिकित्सक उनका उपचार कर रहे हैं। वलना, फल्यांटी गांव निवासी 74 वर्षीय देवीदत्त पुत्र त्रिलोक दत्त खेतों की तरफ जा रहे थे। वहां सूअरों के झुंड ने उन पर हमला बोल दिया। गांव वालों ने शोरगुल मचाया तथा उन्हें बचा लिया। सूअरों का झुंड जंगल की तरफ भाग गया। परिजन उन्हें जिला अस्पताल लाए। डा. साक्षी ने बताया कि वृद्ध के पैर में चोट है। हाथ की जांच की जा रही है। इधर, वन दारोगा सुधीर कुमार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि मेडिकल रिपोर्ट के बाद ही घायल को उपचार आदि के लिए मुआवजा मिल सकेगा।

# ड्रोन से जिलेभर मची दहशत, डीएम ने ड्रोन पायलटों पर कसी नकेल

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** देर रात में ड्रोन उड़ाए जाने की वजह से बढ़ी दहशत के बीच प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। बुधवार देर रात ड्रोन संचालकों के साथ बैठक में डीएम डॉ. राजा गणपति आर. ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना प्रशासन की अनुमति के ड्रोन उड़ाने वालों के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का केस दर्ज कराया जाएं।

उन्होंने कहा कि 24 घंटे के भीतर सभी ड्रोन संचालक स्थानीय थाने में अपना विवरण दर्ज करा दें, विवरण नहीं दर्ज कराने वालों के खिलाफ केस दर्ज कराया जाएगा। बृहस्पतिवार की रात भी शोहरतगढ़ समेत अन्य क्षेत्रों ड्रोन उड़ते नजर आए, इससे गांवों में दहशत रही।

जनपद में ड्रोन की वजह से बढ़ती हलचलों के बीच डीएम की अध्यक्षता में बुधवार देर रात बैठक हुई। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कुछ ड्रोन संचालक भी शामिल हुए। बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश ड्रोन प्रचालन सुरक्षा नीति-2023 के निर्देश दिए गए कि सभी ड्रोन संचालक 24 घंटे के भीतर स्थानीय थाने में अपना विवरण दर्ज कराएं। प्रशासन के आंकड़ों के मुताबिक जिले में 146 ड्रोन संचालक हैं। सभी थानेदारों को भी निर्देश दिए गए कि अपने क्षेत्र के सभी ड्रोन संचालकों के नाम, पता, मोबाइल नंबर, केंद्र या राज्य सरकार द्वारा निर्गत पहचान पत्र, ड्रोन पायलट के रूप में पंजीकृत संख्या, ड्रोन का निर्माण एवं यूनिक आईडी संख्या, ड्रोन संचालन का प्रस्तावित क्षेत्र, ड्रोन संचालन का उद्देश्य आदि का ब्योरा दर्ज कराएं। यदि ड्रोन संचालक 24 घंटे के भीतर ब्योरा थाने में नहीं दर्ज कराते हैं तो उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी भी दर्ज कराई जाए।

इसके साथ ही डीएम राजा गणपति आर ने जनपद के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे ड्रोन के सम्बन्ध में किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और अगर कहीं कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आती है तो थाना प्रभारी, क्षेत्राधिकारी और उप जिलाधिकारी को सूचना दें। ऐसे मामलों की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।उधर, बृहस्पतिवार को बस्ती की सीमा पर स्थित घुमची गांव में एक किसान के खेत में ड्रोन पड़ा मिलने पर अज्ञात के खिलाफ ड्रोन अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया।

## थानाध्यक्षों ने ड्रोन मालिकों के साथ की विशेष बैठक





**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**कपिलवस्तु/मोहाना/सिद्धार्थनगर।** जनपद की पुलिस ने ड्रोन संचालन को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश और अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में 4 सितंबर 2025 को विशेष बैठक का आयोजन किया गया।थाना कपिलवस्तु, थाना मोहाना थाना जोगिया थाना उसका बाजार और थाना पथरा में आयोजित इस बैठक में क्षेत्र के ड्रोन कैमरा संचालकों और मालिकों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य ड्रोन संचालन से जुड़े कानूनी प्रावधानों और सुरक्षा मानकों पर चर्चा करना था।पुलिस ने ड्रोन के दुरुपयोग को रोकने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए।उत्तर प्रदेश ड्रोन प्रचालन सुरक्षा नीति-2023 के तहत ड्रोन संचालन की अनुमति से जुड़े नियमों की जानकारी दी गई।थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने संचालकों को अपने ड्रोन कैमरों का विवरण संबंधित थाने में जमा करने के निर्देश दिए।इस दौरान क्षेत्र के ड्रोन कैमरा संचालक, मालिक व थाना पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## प्यार के जाल में फंसा कर वीडियो व फोटो वायरल करने के आरोपी के खिलाफ एसपी से महिला ने लगाई न्याय की गुहार

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड।** जनपद के थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के एक मौहल्ले की एक महिला ने पड़ोस में किराए के मकान में बोबी पुत्र शीशपाल निवासी ग्राम ढहाना, थाना सिम्भावली, जनपद हापुड़ पर प्यार के जाल में फंसा कर शारीरिक संबंध बना वीडियो व फोटो वायरल करने के आरोपी के खिलाफ एसपी से शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई है महिला ने शिकायत पत्र में बताया कि उक्त व्यक्ति जोकि बिजली का कार्य करता था।

बिजली के कार्य हेतु उक्त व्यक्ति का मेरे घर में आना जाना था और मुझे अपने प्रेम जाल में फंसा कर कई शारीरिक सम्बन्ध बनाये। इसके बाद काम करने के बहाने से कई बार में 1 लाख 60 हजार रुपए ऐंठ लिए। महिला ने अपने रुपए वापस मांगे तो बोबी ने गन्दी गन्दी गलियां देते हुए धमकाया कि तुझे कोई रुपया नहीं मिलेगा ज्यादा करेगी तो तेरी फोटो तथा विडियो वायरल कर दूंगा। इसके कारण महिला काफी डरी सहमी हुयी है क्योंकि महिला सामाजिक परिवार से है।

प्रार्थिनी को डर है कि कहीं समाज में वह व्यक्ति फोटो या विडियो वायरल न कर दे। उपरोक्त बोबी पर सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

## मुन्नी रावत को मिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुरस्कार

**गरुड़।** तहसील के पिंगलों की मुन्नी रावत को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार देहरादून में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने प्रदान किया। उन्हें पुरस्कार में प्रशस्ति पत्र, सील्ड व 51 हजार की धनराशि प्रदान की गई। मुन्नी रावत वर्ष 2011 से आंगनबाड़ी केंद्र पिंगलों का संचालन कर रही हैं। वर्तमान में उनके केंद्र में बीस नन्हें-मुन्हें बच्चे शिक्षा व स्वास्थ्य का ककहरा सीख रहे हैं।मुन्नी रावत ने महिलाओं को केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और कन्याओं को नंदा गौरा योजना का लाभ दिलाया।कोरोनाकाल में लोगों को जागरूक किया और धात्री महिलाओं को कुपोषण से बचाने में काफी मदद की।

# रोशनी से जगमगाईं मस्जिदें, जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी आज निकलेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मुस्लिम इलाकों में जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का भव्य आयोजन पूरे उल्लास के साथ किया जा रहा है। शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों से जुलूस ए मोहम्मदी निकलेगा।यह पर्व पैगंबर ए इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की पैदाइश के मुबारक मौके पर मनाया जाता है।यह 1500वीं जयंती है, जिसे लोगों ने खास बनाने की तैयारी की है।

ईद मिलादुन्नबी के लिए गांव, मोहल्लों, घरों और गलियों को सजाया गया है। कस्बे में जगह-जगह स्टॉल लगाए गए हैं, जहां जुलूस में शामिल होने वाले लोगों के लिए अदब के साथ स्वागत और खिदमत की तैयारी की गई है।भव्य पंडाल और विशाल तोरण की ओर से बन चुके हैं और जुलूस के



दौरान लोगों को किसी भी असुविधा से बचाने के लिए हर तरह की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।यह आयोजन मोहल्लों की कमेटियों की ओर से किया जा रहा है।

जुलूस-ए-मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम नौगढ़ ब्लॉक के सामने स्थित आजाद नगर वार्ड के ईदगाह से प्रारंभ होकर बगियवां मस्जिद पास एक विशाल जलसे में तब्दील हो जाएगा। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के देवलहवां ग्रान्ट, महरिया, बभनी, पोखरभिटवा, दंतरगवा, बिनौका व नगर क्षेत्र के मुडिला, चरियनवां, बेलसड़,खजुरिया, पिठनी आदि मदरसों से जुलूस निकलकर शामिल होगे।उसके बाद सिद्धार्थ चौक,रेलवे स्टेशन रोड़, बांसी रोड़ पेट्रोल तिराहा से होते हुए वापस सिद्धार्थ चौक पहुंचेगा।जहां पर उलमाओं द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन होगा।

ईद मिलादुन्नबी पर्व के जुलूस को लेकर सदर कोतवाल दुर्गा प्रसाद ने पुलिस टीम के साथ कस्बे में जुलूस निकलने वाले रास्ते का निरीक्षण कर लोगों को शासन-प्रशासन के निदेशों से अवगत कराया।

## भविष्य की रचना बच्चों से, उन्हें संस्कार व ज्ञान देना शिक्षक का धर्म : कावेरी मुखर्जी



**प्रयागराज।** जगत तारन इंटर कॉलेज की शिक्षिका कावेरी मुखर्जी ने शिक्षक दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में शिक्षकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।उन्होंने कहा कि हमारे आने वाले समाज और भविष्य की रचना हमारे बच्चे ही करते हैं। ऐसे में संस्कृति, संस्कार और ज्ञान को विद्यार्थी तक पहुँचाना एक शिक्षक का सबसे बड़ा कर्तव्य है।कावेरी मुखर्जी ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम की पढ़ाई तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वे बच्चों के भीतर मानवीय मूल्यों और जीवन के आदर्शों का संचार करते हैं। यही कारण है कि शिक्षा को समाज निर्माण की आधारशिला कहा जाता है।

## बेदाग छवि के धनी सामाजिक कार्यकर्त्ता:डॉ. राजेन्द्र सिंह औलख

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** डॉ. राजेन्द्र सिंह औलख वह शख्सियत हैं, जिन्होंने पिछले ढाई दशक में समाज, पर्यावरण, शिक्षा और खेल के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया है।गंगा बचाओ आंदोलन और गाजियाबाद से हापुड़ को अलग जिला बनाने के ऐतिहासिक अभियान में उनकी अहम भूमिका को आज भी जनता याद करती है। हापुड़ जिला बनाओ समिति के सहसंयोजक रहते हुए उन्होंने गढ़-सिम्भावली क्षेत्र के गांव-गांव से रोजाना 100 पत्र तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती तक पहुँचाने का कार्य सात वर्षों तक लगातार किया।नतीजा यह हुआ कि हापुड़ जिला अस्तित्व में आया और जनता को राहत मिली साथ ही डॉ. औलख को समाज में जल एवं पर्यावरण के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए कई राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं, जिनमें जाट रत्न पुरस्कार और भारत गौरव रत्न श्री सम्मान शामिल हैं।उन्होंने राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के मंच से पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिलाने की मांग उठाकर राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बनाई।वह भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के सदस्य पद को सुशोभित कर चुके हैं। वकालत, प्रशासनिक प्रबंधन और डॉक्टरेट की उपाधि हासिल करने वाले डॉ. औलख भारतीय सेना में भी अल्पकालिक सेवा दे चुके हैं।वर्तमान में वे राष्ट्रीय सैनिक संस्था, पश्चिम उत्तर प्रदेश के संयोजक हैं।हाल ही में वे सहकारी गन्ना विकास समिति सिम्भावली के चुनाव में विजयी रहे और उत्तर प्रदेश गन्ना संघ के निर्विरोध प्रतिनिधि निर्वाचित हुए।खेलों के क्षेत्र में भी वे लगातार सक्रिय हैं और दो बार जिला वॉलीबॉल संघ हापुड़ के निर्विरोध अध्यक्ष बने हैं।विभिन्न स्कूलों में ₹खेलो इंडिया₹ अभियान के अंतर्गत खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन और सहयोग करना उनकी प्राथमिकता है।

# रीमा में सनेती कौतिक की धूम

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** कपकोट विधानसभा के रंगीली नाकुरी में माँ नन्दा सुनन्दा भगवती मन्दिर में मेले की धूम है।रंगीली नाकुरी के सनेती में आयोजित दो दिवसीय मेले में क्षेत्रीय जनों सहित बागेश्वर-अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ जिले के मेलार्थियों की मेले को देखने वाली की भीड़ मेला स्थल में खूब उमड़ी।मेले को भव्य बनाने हेतु मेला कमेटी द्वारा मेला स्थल को दुल्हन की तरह सजाया गया।मेला स्थल में मेले में विभिन्न क्षेत्रों से आए मेलार्थियों ने सबसे पहले माता नन्दा की पूजा अर्चना की।जिसके बाद विभिन्न गावो से ग्रामीण देवी माँ की जयकारे के साथ ढोल दमाऊ के साथ मैया के लिए आरती और श्रंगार सामग्री लेकर मन्दिर पहुंचे। और माता से अपने क्षेत्र की सम्रद्धि की कामना की। और मन्दिर में माता के जयकारे लगाए।वही रंगीली नाकुरी के नाम से





विख्यात रीमा क्षेत्र के हुड़की भगनौल,झोड़ा चाचरी, और हुड़के की थाप पर माता के भक्त रात भर माँ की भक्ति में जमकर झूमे।मेले में लोकगायक मीणा उपाध्याय, दर्शन फर्श्वाण,सहित अन्य लोकगायकों ने अपनी गायकी से दर्शकों को खूब नचाया।

मेले में पहुंचे मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सुरेश गढ़िया ने मंदिर में पूजा अर्चना कर मेलार्थियों को सम्बोधित करते हुए सभी मेलार्थियों को सनेती मेले की बधाईया दी।और मेला कमेटी को भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और अपने स्तर से मेला कमेटी को भरपूर सहयोग देने का भरोसा दिया।मेले में शांति व्यवस्था हेतु कपकोट पुलिस द्वारा पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था कराई गई।

थानाध्यक्ष खुशवंत सिंह और रीमा चौकी प्रभारी संजय बृजवाल द्वारा पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था कराई गई।मेले में सभी मेलार्थियों को सम्बोधित करते हुए मेला संरक्षक पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल ने सभी मेलार्थियों से मेला कमेटी को पर्याप्त सहयोग करने की अपील की ।

इस दौरान जिपं सदस्य ज्योति राठौर, विधायक प्रतिनिधि सहित विभिन्न गांवों के ग्राम प्रधान और क्षेपं सदस्य मौजूद थे। मेले के दौयान महिलाओं और युवाओं ने भी खूब झुमके लगाए।

## महाराष्ट्र मंडल लोक सेवा ट्रस्ट प्रयागराज में गणपति महोत्सव पर बच्चों ने बिखेरी अपनी प्रतिभा की चमक




**वेलकम इंडिया**

**प्रयागराज।** महाराष्ट्र मंडल लोक सेवा ट्रस्ट प्रयागराज में कल आयोजित गणपति महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

स्वरनन्दन और नित्यशाला के बच्चों ने नंदन देशपांडे जी के निर्देशन में विभिन्न वाद्यों पर अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। अद्विका, श्लोक और लक्ष्मण सहित कई बच्चों ने मंच पर अपनी प्रतिभा से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इसी क्रम में नित्यशाला अकादमी की झालवा शाखा के छात्र-छात्राओं ने भी विशेष प्रस्तुति दी, जिनके शिक्षक तेजस्वी सिंह जी हैं। बच्चों का उत्साह और उनकी मेहनत देख सभी अतिथियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के अंत में बच्चों को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए सर्टिफिकेट और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र मंडल के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में अभिभावक भी मौजूद रहे।

# सभी नालों की नियमित सफाई करे पालिका : डीएम

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर। गोविन्द मेहता** नदियों को प्रदूषण और अतिक्रमण मुक्त कर नदियों के प्रवाह को स्वच्छ प्रवाह को अविरल बहते रहने ने को लेकर जिलाधिकारी ने नदियों के संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नगर निकाय क्षेत्रों में डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण, स्त्रोत पर कचरा पृथक्करण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट सभागार में आशीष भटगांई की अध्यक्षता में जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र के सभी नालों की नियमित सफाई पर विशेष बल दिया। नगर पंचायत कपकोट को



ट्रंचिंग ग्राउंड के लिए भूमि चिह्नित करने, स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कूड़े का पृथक्करण करने एवं गीले तथा सूखे कूड़े को अलग-अलग संग्रहित करने के निर्देश दिए।कृषि विभाग को जनपद की प्रमुख नदियों एवं सहायक नदियों के किनारे स्थित गांवों को चिह्नित कर प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। वहीं, सिंचाई विभाग को कुंती नाले के ट्रीटमेंट के लिए ठोस कार्य योजना बनाने को कहा। नमामि गंगे के परियोजना अधिकारी विवेक परिहार ने बताया कि जिले के सभी नगर निकायों में शत प्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण किया जा रहा है। साथ ही नैचुरल फार्मिंग कारिडोर योजना में 39 क्लस्टरों में प्राकृतिक खेती की योजना संचालित है। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत 14 क्लस्टर चयनित किए गए हैं।

# डीएम ने ग्राम प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार पर लगाईं रोक

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**


**जोगिया/सिद्धार्थनगर।** विकास खंड जोगिया के ग्राम पंचायत बैरवा नानकार में वित्तीय वर्ष 2023-24 में आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण समेत पंचायत भवन एवं सामुदायिक शौचालय के मामले में प्रथम दृष्टया लापरवाही सामने आने पर जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने तत्काल प्रभाव से ग्राम प्रधान सरोज यादव के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार पर रोक लगा दिया है।साथ ही, खाता संचालन के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठन का निर्देश दिया है।इसके अलावा बांसी ब्लाक के ग्राम बसंतपुर के एक मामले में तत्कालीन पंचायत सचिव परशुराम मणि त्रिपाठी को निलंबित कर दिया गया है। प्रकरण की अंतिम जांच के लिए उपायुक्त श्रम एवं रोजगार को जांच अधिकारी नामित किया है।

शिकायती पत्र के आधार पर हुई जांच में पाया गया कि विकास खंड जोगिया के ग्राम पंचायत बैरवा नानकार में पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र और सामुदायिक शौचालय के निर्माण में लापरवाही बरती गई है। ग्राम प्रधान ओर से शीघ्र निर्माण के मामले में कार्य पूर्ण करने का आश्वासन भी दिया गया था। बावजूद इसके कोई कार्य नहीं हुआ। लिहाजा निर्माण कार्य में किए जा रहे असहयोग, व्यवधान के आरोप में जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने बैरवा नानकार के प्रधान सरोज यादव के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार पर रोक लगा दिया है।जबकि ग्राम निधि के खाता संचालन के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठन करने का निर्देश दिया है। विकास खंड बांसी के ग्राम पंचायत बसंतपुर में विकास कार्यों के मामले में अनियमितता करते हुए गबन के आरोप में प्रधान माधुरी के वित्तीय अधिकार एवं प्रशासनिक अधिकारों पर लगाई गई रोक को संपूर्ण प्रत्रावली का सम्यक एवं परीक्षण उपरांत डीएम डॉ. राजा गणपति आर ने हटा लिया है।

इस प्रकरण में शासकीय क्षति की समान अंशो में प्रधान और तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी परशुमणि त्रिपाठी से 54735-54735 रुपए वसूली करने का निर्देश दिया है। डीएम ने पंचायत सचिव परशुराम मणि त्रिपाठी को निलंबित करने का निर्देश दिया है। जिला विकास अधिकारी सतीश सिंह ने बताया कि पत्र के अनुपालन में निलंबित कर दिया गया है।

# गंगा के बढ़ते जलस्तर का राज्यमंत्री ने लिया जायजा , प्रभावित परिवारों को दी राहत किट

जाकिर तुर्क वेलकम इंडिया






**मेरठ।** लगातार हो रही बारिश और गंगा के बढ़ते जलस्तर से मवाना क्षेत्र के कई गांव प्रभावित हो गए हैं। हालात का जायजा लेने के लिए जलशक्ति विभाग के राज्य मंत्री दिनेश खटीक गुरुवार को प्रभावित गांव बस्तौरा और मीरपुर सौधोनांगल पहुंचे। यहां उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की, स्थिति की जानकारी ली और पीड़ित परिवारों को राहत किट वितरित की।

मंत्री ने कहा कि सरकार आपदा की इस घड़ी में हर परिवार के साथ खड़ी है। किसी भी तरह की राहत एवं बचाव कार्य में कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जाए और ग्रामीणों को हरसंभव मदद दी जाए।

राज्यमंत्री खटीक ने स्पष्ट कहा कि खराब हुई फसलों का आंकलन कर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही, उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि बारिश और कटान से क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत कराई जाए।

मंत्री ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि गंगा किनारे पक्का तटबंध बनाने की परियोजना शासन को भेजी जाएगी, ताकि भविष्य में लोगों को इस तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

### नोडल अधिकारी सूर्यकांत त्रिपाठी का बयान

आपदा प्रबंधन नोडल अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सूर्यकांत त्रिपाठी ने बताया कि जिन परिवारों के मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें प्रति परिवार 1 लाख 20 हजार रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। वहीं, फसल नुकसान का भी अलग से मुआवजा किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा।

### प्रशासन पूरी तरह सक्रिय

जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह, एसएसपी विपिन ताडा, नोडल अधिकारी सूर्यकांत त्रिपाठी सहित प्रशासनिक टीम मौके पर मौजूद रही। स्थानीय ब्लॉक प्रमुख, किसान और बड़ी संख्या में ग्रामीण इस दौरान उपस्थित रहे।

## चेयरमैन के भाई की जमानत अर्जी पर अगली सुनवाई 10 सितंबर को

**मेरठ।** शाहजहांपुर नगर पंचायत चेयरमैन के भाई रजी की जमानत अर्जी पर बृहस्पतिवार को सेशन जज (एंटी करप्शन कोर्ट) की अदालत में सुनवाई निर्धारित थी, जिसे अब 10 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। वादी पक्ष के अधिवक्ता के अनुसार, अदालत ने थाना किठौर पुलिस को निर्देश दिया है कि आरोपी की विस्तृत आपराधिक पृष्ठभूमि (क्रिमिनल हिस्ट्री) अदालत में प्रस्तुत की जाए।रजी 18 अगस्त से जिला कारागार में न्यायिक अभिरक्षा में बंद है। यह मामला वर्ष 2016 में दर्ज एक गंभीर हमले से संबंधित है। उस प्रकरण में चेयरमैन सहित उनके चार भाइयों पर मुकदमा दर्ज हुआ था। इनमें से दो आरोपी छह माह की न्यायिक हिरासत के बाद उच्च न्यायालय से जमानत प्राप्त कर चुके थे। वहीं चेयरमैन, रजी और मुत्तालिब करीब आठ वर्ष तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर रहे।

# विशेष स्टाफ/उत्तर-पश्चिम द्वारा उत्तर-पश्चिम जिला क्षेत्र में चल रहे एक जुआ अड्डे का भंडाफोड़



वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी

**नई दिल्ली।** विशेष स्टाफ/उत्तर-पश्चिम द्वारा उत्तर-पश्चिम जिला क्षेत्र में चल रहे एक जुआ अड्डे का भंडाफोड़ कुल 45 जुआरियों को संगठित जुआ गतिविधियों में शामिल पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया।

छापेमारी के दौरान मौके से रू 5,57,610/- नगद राशि एवं जुए से संबंधित सामग्री जब्त की गई।

विशेष स्टाफ, उत्तर-पश्चिम जिले की टीम ने एक जुआ रैकेट का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ करते हुए 45 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जो संगठित जुआ गतिविधियों में संलिप्त पाए गए। छापेमारी के दौरान कुल रू 5,57,610/- नकद राशि तथा बड़ी मात्रा में जुए से संबंधित सामग्री मौके से बरामद की गई।

प्रारंभिक पूछताछ से पता चला कि आरोपियों ने एक गैंग बनाकर अवैध तरीके से आसान व त्वरित पैसा कमाने के लिए जुआ खेलना शुरू किया था। उनकी गतिविधियाँ न केवल अवैध प्रथाओं को बढ़ावा दे रही थीं बल्कि क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था को भी बाधित कर रही थीं।

विशेष स्टाफ की त्वरित कार्रवाई से इस जुआ नेटवर्क का पदार्फाश हुआ, जिससे जिले में ऐसी अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कड़ा संदेश गया है। गिरफ्तार व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।


# देह व्यापार में लिप्त 11 युवतियों सहित दो पुरुष गिरफ्तार



**मथुरा।** महानगर में गुरुवार को पुलिस ने दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में होटल और गेस्ट हाउस में देह व्यापार की सूचना मिलने पर छापा मार कार्रवाई की। पुलिस ने 11 युवती और दो पुरुष गिरफ्तार किए हैं। सी ओ सिटी आसना चौधरी के मुताबिक गेस्ट हाउस मालिक दीपक खंडेलवाल को भी गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई दीपक गेस्ट हाउस और देव पैलेस होटल पर की गई है। छापामार कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दोनों स्थानों से देह व्यापार में प्रयुक्त सामग्री भी जब्त की है। दीपक गेस्ट हाउस से पांच और देव पैलेस होटल से 6 युवतियां पुलिस ने हिरासत में ली है।एक माह के अंतराल में देह व्यापार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की है दूसरी बड़ी कार्रवाई है। कोतवाली क्षेत्र में दीपक गेस्ट हाउस और हाईवे थाना में भरतपुर रोड पर देव पैलेस होटल पर मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही की गयी है। समाचार लिखे जाने तक कोतवाली में कार्यवाही की जा रही थी। सी ओ सिटी आसना चौधरी का कहना है कि देव पैलेस होटल के मालिक की भी तलाश की जा रही है।

# गोवर्धन तहसील में दर्जनों किसानों ने भाकियू चढूनी की ली सदस्यता

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** तहसील क्षेत्र के गांव नगला भूरिया में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की बुधवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। प्रदेश प्रवक्ता एवं आगरा के मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर के नेतृत्व में तहसील अध्यक्ष सत्यवीर सिंह की अध्यक्षता में गोवर्धन तहसील में जिला सचिव नवल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष तुलसीदास के सहयोग से बड़ा संगठन विस्तार हुआ जिसमें दर्जनों किसानों को बीकेयू चढ़ूनी की सदस्यता दिलाई गई और नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

मथुरा में संगठन तेजी से मजबूती की ओर अग्रसर है, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दादा रतन सिंह पहलवान जो बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के साथ से पिछले 35 सालों से किसानों की निस्वार्थ भावनाओं से ईमानदारी के साथ लड़ाई लड़ रहे है की टीम के साथ उत्साह के साथ किसान जुड़ रहे है। मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर ने कहा कि प्रशासन किसानों की अनदेखी कर रहा है।

किसान जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं, जिम्मेदार इस ओर संवेदनशील नहीं है। तहसीलों में किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा है। समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर ओमप्रकाश सिंह, मुकेश, दौलतराम प्रेम सिंह, देवेंद्र सिंह, लक्ष्मीनारायण जगवीर( महासचिव ), गिरवर( संगठन महा मंत्री ),तेजवीर, बृजमोहन, विष्णु, , भगत सिंह ,केशव, हिम्मत सिंह , मनोज कुमार, आकाश, नत्थी, बांके बिहारी , देशराज , रसिक बिहारी, विजय सिंह फौजदार, निहाल सिंह को महासचिव सोन नियुक्त किया गया।

# बच्चों को पढ़ने, लिखने और गणना करने की मूलभूत क्षमता हासिल कराने के लिए दिया जा रहा एफएलएन प्रशिक्षण

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षामित्रों के लिए एफएलएन प्रशिक्षण दिया जा रहा है, यह प्रशिक्षण भारत सरकार के निपुण भारत मिशन के तहत दिया जा रहा है। बरेली जनपद के क्यारा ब्लॉक के ब्लॉक संसाधन केंद्र कांधरपुर में आयोजित इस प्रशिक्षण के द्वितीय बैच में उपास्थित प्रतिभागी धर्मेंद्र पटेल ने प्रशिक्षण के उद्देश्य के बारे में बताया कि यह प्रशिक्षण कक्षा 3 तक के सभी बच्चों को पढ़ने, लिखने और गणना करने की मूलभूत क्षमता हासिल कराने के लिए दिया जा रहा है। प्रशिक्षण की अवधि 5 दिनों की है, जो प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर बीआरसी (ब्लॉक संसाधन केंद्र) में आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण ऑफलाइन मोड में हो रहा है, जिससे शिक्षकों को कक्षा-कक्ष में व्यवहारिक रूप से सिखाया जा सके।

इस प्रशिक्षण के बारे में एक अन्य प्रतिभागी निधि शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण की विषयवस्तु भाषा और गणित में स्कूली बच्चों की समझ को मजबूत करना और खेल व अन्य गतिविधियों के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को रोचक बनाना है। गुरुवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र काँधरपुर पर आयोजित इस प्रशिक्षण में मुख्य रूप से ज्योति कनौजिया, संगीता, प्रीति रानी, पूनम, कल्पना, रिजवाना, विजय सिंह, जितेंद्र श्रीवास्तव, रेखा रानी, आदि शिक्षक शिक्षामित्र उपस्थित रहे। वहीं प्रशिक्षण दे रहे प्रशिक्षकों में मृदुला गंगवार, राजवाला, ब्रिजेश सोलंकी, लक्ष्मण प्रसाद शर्मा मुख्य भूमिका में नजर आये।

# मथुरा में पहली शिक्षामित्र हुई सेवानिवृत,किया विदाई समारोह



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ विकास खण्ड बलदेव की कार्यकारणी ने विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय हयातपुर में कार्यरत शिक्षा मित्र श्रीमती कुसुम कुमारी शर्मा के सेवा निवर्त होने पर शिक्षा मित्र का विदाई समारोह आयोजित किया , कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्री प्रतीक भरंगर विशिष्ट अतिथि संघ के जिला अध्यक्ष खेमसिंह चौधरी , एआरपी लक्ष्मण पांडे , जगदीश पाठक सहित उपस्थित सभी शिक्षा मित्र , शिक्षक , अनुदेशको ने सेवानीवर्त कुसुम कुमारी को पटका , माला , स्मृति चिन्ह देकर सम्मानपूर्वक विदाई कर स्वागत किया एवं 11 हजार इक्यावन रुपये भेंट स्वरूप दिए । कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष फरह बनी सिंह सागर , ब्लॉक अध्यक्ष बलदेव रामवीर सिंह छोंकर , संरक्षक रमाकांत चौधरी , अनुदेशक ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह , गजेंद्र सिंह , नरदेव चौधरी , उपेंद्र दीक्षित, वेनेन्द्र , सुरेंद्र , नरेंद्र सहित सेकड़ो शिक्षक ,शिक्षामित्र अनुदेशक शामिल हुए।

# कला के मंच से शुरू हुआ ब्लैकमेलिंग का खेल कलाकार से 12 लाख की वसूली का आरोप

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** थाना क्षेत्र के महमदपुर परासोली गांव निवासी कपिल शर्मा उर्फ कौशिक जो लंबे समय से सांस्कृतिक आयोजनों और सरकारी कार्यक्रमों में कृष्ण की भूमिका निभाते आ रहे हैं, ने एक महिला और उसके गिरोह पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

कपिल शर्मा का कहना है कि करीब तीन साल पहले उनके नृत्य दल में अड़ीग निवासी सोनिया सैनी शामिल हुई थी। वह राधा की भूमिका निभाकर डांस करने लगी और शुरूआती कार्यक्रमों में उसका प्रदर्शन ठीक रहा। परंतु, दो वर्ष पूर्व सिक्किम में हुए एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान, कपिल के अनुसार, सोनिया और उसके साथियों ने षड्यंत्रपूर्वक उसे नशीला पदार्थ खिलाकर अश्लील वीडियो बना लिया। बाद में वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग की जाने लगी।

पीड़ित कपिल का आरोप है कि सोनिया सैनी और उसके नए पति सोनू कुरैशी ने मिलकर विभिन्न तिथियों पर लगभग 12 लाख रुपये और एक मोबाइल फोन उससे ले लिया। जब उसने और रुपये देने से मना किया, तो उसे बलात्कार जैसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई।

कपिल शर्मा ने बताया कि दिनांक 29 अगस्त 2025 की रात लगभग 11:30 बजे सोनिया सैनी ने अपने मोबाइल नंबर 7060823379 से कॉल कर पाँच लाख रुपये की और मांग की। मना करने पर गाली-गलौज की गई और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई।

पीड़ित के अनुसार, सोनिया और उसका पति सोनू कुरैशी एक संगठित गिरोह की तरह काम करते हैं। यह गिरोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बहाने कलाकारों को अपने जाल में फंसाकर चौथ वसूली करता है। कपिल का कहना है कि आर्थिक रूप से टूटने के बाद उसने आत्महत्या करने तक का विचार बना लिया था, लेकिन परिवार और साथियों ने उसे समझाया।

कपिल शर्मा ने पुलिस और प्रशासन से शिकायत दर्ज कराकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## न्यायाधिकारियों का 13 अगस्त से चल रहा बहिष्कार

**मथुरा।** मथुरा, महावन और गोवर्धन तहसील के प्रशासनिक न्यायालयों का 13 अगस्त से अधिवक्ताओं ने कार्य वहिष्कार कर रखा है। वादकारी परेशान हो रहे हैं। आगामी 9 सितंबर को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सभी अधिकारी और राजस्व अधिवक्ताओं की बैठक के बाद तय होगा कि वहिष्कार खत्म होगा या जारी रहेगा। मामला कुछ प्रशासनिक न्यायाधिकारियों के भ्रष्टाचार का बताया जा रहा है। प्रशासनिक न्यायालयों में भ्रष्टाचार से अधिवक्ता भी परेशान होने लगे हैं। कुशल अधिवक्ताओं का काम कानूनी पहलू पर बहस करना और तथ्य रखना होता है लेकिन उक्त न्यायालयों में कुछ और ही खेल चल रहा है। कयी गलत आदेश संक्रमित होकर अधिकारियों द्वारा किये जाने लगे हैं। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए राजस्व अधिवक्ताओं ने गत 13 अगस्त से तीन तहसील और जिला मुख्यालय के प्रशासनिक न्यायालयों का वहिष्कार कर रखा है।

# बीजेपी बिहार विधानसभा चुनाव में सिर्फ मां का नाम लेकर चुनावी मुद्दा बनाना चाहती है: डॉ करुणा सागर

वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी



**नई दिल्ली।** बिहार में होने वाली विधानसभा चुनाव से पहले राज्य का सियासी माहौल गर्मा गया है। अभी तक रकफ को लेकर केन्द्र सरकार सहित विपक्षी दलों को घेरने की कोशिश में जुटी राजद कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के एनडीए खासकर भारतीय जनता पार्टी को एक बड़ा भावनात्मक मुद्दा मिल गया है। 4 सितंबर को एनडीए अपनी सहयोगी दलों के साथ मिलकर बिहार बंद किया गया जहां बीजेपी के कार्यकताओं ने जगह जगहों पर रोड जाम किया गया, बीजेपी ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर आरोप लगाया है कि मंच से प्रधानमंत्री की माता जी को गाली दी है राहुल गांधी और तेजस्वी यादव माफी मांगे। पूर्व कढर तमिलनाडु के पूर्व डीजीपी वर्तमान कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ करुणा सागर मीडिया से बातचीत में कहा बीजेपी का इतिहास रहा है चाहे किसी राज्य का विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा चुनाव हो बीजेपी चुनाव में मुद्दा और सियासी माहौल बनाकर आम जनता का भावनाओं से खेलते है और असली मुद्दों से भटकाने का काम करती है। बिहार में चुनाव है इसलिए बीजेपी सिर्फ मुद्दों से भटका रहे है, प्रधानमंत्री को उस समय क्यों नहीं याद आया कि जब कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी के खिलाफ गलत टिप्पणी किया करते थे। आज प्रधानमंत्री अपनी स्वर्गीय माता जी का नाम लेकर चुनावी मुद्दा बना रहे है। मां तो मां होती है चाहे प्रधानमंत्री या राहुल गांधी या तेजस्वी यादव या किसी भी आम आदमी का मां तो सिर्फ मां होती है, जिस इंसान ने मंच पर बोला हैं वो खुद बीजेपी कार्यकता है। बिहार बंद सिर्फ एक मुद्दा है जो पूरा फैल रहा है लेकिन बीजेपी के कार्यकताओं ने रोड पर आकर क्या किया है उसकी तस्वीर पूरा देश ने देखा है।

# बच्चे की सकुशल बरामदगी से परिजनों के चेहरे पर खुशी



**झांसी।** बस स्टेंड से एक सितम्बर की रात लापता हुए मासूम को आज स्वाट ओर नवाबाद थाना पुलिस ने सकुशल बरामद करते हुए उसे परिजनों को सौंप दिया है। बच्चे की सकुशल बरामदगी से परिजनों के चेहरे पर खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने एसएसपी ओर उनकी टीम को आभार व्यक्त किया। इधर पुलिस ने मासूम को ले जाने वाले को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस लाइन सभागार में बुधवार को आयोजित की गई पत्रकार वार्ता के दौरान एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने जानकारी देते हुए बताया कि एक सितम्बर की रात उन्नाव जिले बदलू पुरवा निवासी श्रीमती सुमित्रा ने थाना नवाबाद को सूचना देते हुए बताया था कि वह अपने तीन बच्चों के साथ गुजरात से उन्नाव जा रही थी। झांसी बस स्टेंड पर देर रात वह उन्नाव जाने वाली बस का इंतजार कर रही थी तभी उसका एक छ वर्षीय बच्चा गुम हो गया। सूचना दर्ज कर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। इधर मामले को गलाभीरता से लेते हुए एसएसपी ने स्वाट, सवेर्लेंस ओर नवाबाद पुलिस को बच्चे की सकुशल बरामदगी करने के निर्देश दिए थे। एसएसपी के निर्देशन पर पुलिस टीमों ने घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए घटना स्थल से सीसीटीवी फुटेज आदि चैक करते हुए कार्यवाही शुरू की ओर पुलिस को सफलता हासिल हुई पुलिस की त्वरित करवाई से लोगों ने पुलिस की प्रशंसा की।

# राधाष्टमी मेला व्यवस्थित रूप से सफल होने पर डीएम एसएसपी का जताया आभार



वेलकम इंडिया

**मथुरा/बरसाना।** पूर्व जेल विजिटर लक्ष्मण प्रसाद शर्मा ने ब्रजभूमि के सुप्रसिद्ध श्रीराधाष्टमी महोत्सव मेला के व्यवस्थित रूप से सफल होने पर जनपद के लोकप्रिय जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के कुशल निर्देशन की सराहना करते हुए कहा कि जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के साथ नगरीय प्रशासन की व्यवस्था एवं सक्रियता प्रशंसनीय है।

श्री शर्मा ने बताया कि और बार की अपेक्षा इस बार श्री राधाष्टमी महोत्सव मेला में श्रद्धालुओं की संख्याबल में उम्मीद से अधिक भारी इजाफा हुआ है। उसके वाबजूद भी व्यवस्थाएं एवं संचालन बेहतर रहा। बरसाना चेयरमैन प्रतिनिधि पदम सिंह फौजी ने कहा कि डीम एसएसपी के नेतृत्व में इस बार श्रीराधाष्टमी महोत्सव मेला में नगर पंचायत द्वारा श्रद्धालुओं की भावनाओं को ध्यान में रखकर उनके लिए बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई।

# जिलाधिकारी ने तहसील छाता के ग्राम बहटा में स्थापित बाढ़ शरणालय स्थल का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील छाता के ग्राम बहटा में स्थापित बाढ़ शेल्टर होम/ बाढ़ शरणालय स्थल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान राहत शिविर में बाढ़ प्रभावित लोग भोजन करते हुए पाए गए, जिसपर जिलाधिकारी ने उनसे भोजन की गुणवत्ता के बारे में पूछा। लोगों ने कहा कि भोजन अच्छा है तथा समय से नाश्ता, खाना आदि मिलता है। उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता ने अवगत कराया कि उक्त बाढ़ राहत शिविर में 43 लोग रह रहे है। जिलाधिकारी ने सभी को धैर्य / संयम बनाए रखने हेतु प्रेरित किया तथा कहा कि दो - तीन दिनों में सभी चीजें सामान्य हो जाएंगी। दो - तीन दिनों में यमुना जी के जलस्तर में कमी आना चालू हो जाएगा।

जिलाधिकारी ने बाढ़ राहत शिविर में उपस्थित बाढ़ प्रभावित परिवारों को राशन सामग्री किट का वितरण किया तथा सभी से उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने सभी की समस्याओं को सुना तथा आश्वासन दिया कि सभी की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षतिग्रस्त मकानों एवं फसलों का सर्वे किया जाएगा तथा सभी को मुआवजा दिया जाएगा। उक्त कार्य हेतु प्रशासन पूर्ण रूप से कटिबद्ध है। सरकार द्वारा बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद हेतु सभी प्रयास किए जा रहे है, किसी को कोई भी परेशानी नहीं होने दी जाएंगी।

जिलाधिकारी ने बहटा में मेडिकल टीम द्वारा दिए जा रहे उपचार का जायजा लिया। उन्होंने मेडिकल टीम को अपने कार्यों को जिम्मेदारी से निर्वहन करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मेडिकल टीम द्वारा प्रयोग की जा रही दवाओं को भी चेक किया तथा एक्सपायरी देखी।

जिलाधिकारी ने क्षेत्राधिकारी छाता भूषण वर्मा को निर्देश दिए कि उक्त क्षेत्र के आस-पास सभी भट्टा संचालकों से वार्ता करे तथा सभी मजदूरों को ससमय सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बैरियर लगाकर उक्त सड़क मार्ग को बंद करे।

# अनियंत्रित कैंटर चालक ने दो वाहनों को मारी टक्कर बच्चों सहित तीन घायल

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित दा गोल्ड पब्लिक स्कूल के समीप एक अनियंत्रित कैंटर चालक ने एक बाइक सवार एवं एक फल विक्रेता की बाइक रेहडे में टक्कर मार दी हादसे में मासूम बच्चें सहित दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस के द्वारा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।पुलिस ने कैंटर चालक को हिरासत में लेकर कैंटर को कब्जे में ले लिया है। थानाभवन थाना क्षेत्र के गांव पलठैड़ी निवासी असलम अपने 2 वर्षीय मासूम बच्चे अफान को लेकर कस्बे में अपने रिश्तेदारी में आया हुआ था। गुरुवार की सवेरे बाइक पर सवार होकर अपने गांव पलठैड़ी जा रहा था जैसे ही बाइक सवार थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित दा गोल्ड पब्लिक स्कूल के समीप पहुंचा तो पीछे से एक कैंटर चालक ने बाइक सवार व्यक्ति व उसके दो वर्ष के मासूम बच्चे को जोरदार टक्कर मार दी। कैंटर चालक अपने कैंटर को लेकर भागने लगा तो आगे चल रहे कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी फुरकान पुत्र इलियास जो थाना क्षेत्र में केलों की फेरी करने के लिए अपने बाइक से जुडे रेहडे को लेकर जा रहा था रेहड़े में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों व्यक्ति वह मासूम बच्चा घायल हो गए आसपास के लोगों ने कैंटर चालक को पकड़ लिया और घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर 108 एंबुलेंस एंव पुलिस पहुंच गई और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने दोनों व्यक्तियों सहित मासूम बच्चे को प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने कैंटर चालक को हिरासत में लेकर कैंटर को कब्जे में लिया है। थाना प्रभारी निरक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# मकान की छत गिरी मलबे में दबकर दुधारू भैंस की मौत

वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** विगत कई दिनों से लगातार हो रही भारी बरसात के कारण लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली में एक गरीब व्यक्ति के मकान की छत भरभरा कर गिर गई। मलबे के नीचे दबकर गरीब व्यक्ति की दुधारू भैंस की मौके पर ही मौत हो गई और परिवार बाल बाल बच गया।

पीड़ित व्यक्ति ने प्रदेश सरकार से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। विगत कई दिनों से भारी बरसात का दौर जारी है पहाड़ों पर लगातार हो रही बरसात से यमुना नदी सहित कई नदियों का जल स्तर बढ़ा हुआ है। नगर एवं क्षेत्र में बीते दिनों से हो रही बरसात के कारण कच्चे मकानों पर गिरने का खतरा मंडरा रहा है। बृहस्पतिवार की सवेरे विकासखंड क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी मजदूर व्यक्ति मसीउल्ला खान के मकान की कच्ची छत भर भरा कर गिर गई।

मकान की छत गिर जाने से मलबे के नीचे दबकर पीड़ित का हजारों रुपए का सामान खराब हो गया और मलबे के नीचे दबने से दुधारू भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। और परिवार हादसे में बाल बाल बच गया कच्चे मकान के छत गिरने से ग्रामीण मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू कर मलबे को हटाया और भैंस को बाहर निकाल कर पशु चिकित्सक को सूचना दी तब तक भैंस की मौत हो चुकी थी। पीड़ित व्यक्ति का कहना है कि उसने कुछ दिन पूर्व ही ब्याज पर रुपए लेकर अपने परिवार का गुजारा करने के लिए दुधारू भैंस खरीदी थी भैंस की मौत हो जाने से परिवार पर रोजी-रोटी का संकट आ गया है। पीड़ित व्यक्ति ने प्रदेश सरकार को पत्र भेज कर आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

# डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया अभियान के साथ शिक्षक दिवस का आयोजन किया

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** रेकिट व प्लान इंडिया के संयुक्त तत्वाधान से संचालित डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड क्यारा के कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर में शिक्षक दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम गुरुवार को इसलिए आयोजित किया गया क्योंकि शुक्रवार को विद्यालयों में बारावफात का अवकाश है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों व शिक्षकों के द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन जी के चित्र पर पुष्प अलंकरण से हुआ, तत्पश्चात बैच अलंकरण व स्वागत गान आयोजित किया गया। प्लान इंडिया के टीम लीडर रणजीत सिंह द्वारा शिक्षक दिवस के महत्त्व पर चर्चा की गयी साथ ही स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की आदतों को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए बच्चों को प्रेरित किया गया, इस मौके पर विद्यालय में उपस्थित समस्त बच्चों को डेटॉल साबुन भी वितरित किया गया।

इस अवसर पर बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार वितरित किये गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक लाल बहादुर गंगवार द्वारा संस्था प्रमुखों को सम्मानित किया गया साथ ही स्वच्छता कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विद्यालय परिवार को स्मरति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम में प्लान इंडिया टीम की तरफ से योगेंद्र पटेल व विनय कुमार का विशेष योगदान रहा साथ ही मंच संचालन के लिए दीपा गुप्ता की सराहना की गई एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया।

इस अवसर पर मीनू रस्तोगी, गीता यादव, पंडित अनिल कुमार शर्मा, गौरव गंगवार, बेबी तबस्सुम, रुचि दिवाकर, रिम्पल सिंह आदि ने सक्रिय प्रतिभागिता रही।

# शहर अध्यक्ष हाजी नईम जडोदिया ने सपा मुखिया अखिलेश यादव से लखनऊ पहुंच की मुलाकात



वेलकम इडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** समाजवादी पार्टी के हापुड़ शहर अध्यक्ष हाजी नईम जडोदिया ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से समाजवादी पार्टी प्रदेश कार्यालय ( लखनऊ ) पहुंच कर मुलाकात की और पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के साथ पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया साथ ही वाहिद चौधरी को समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा में राष्ट्रीय सचिव नामित किया। शहर अध्यक्ष हाजी नईम जडोदिया के साथ हाजी समसुद्दीन,वाहिद चौधरी, कांसिल,अब्दुल्ला सैफी आदि लोगों ने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात की।

# बांग्लादेशी ने बरेली आकर चोरी छिपे खोल लिया क्लीनिक, बन बैठा बंगाली डॉक्टर, गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** एक बांग्लादेशी शख्स को बरेली जिले का फतेहगंज पश्चिमी इलाका इतना पसंद आया कि एक बार वैध तरीके से आने के बाद वह दोबारा अवैध रूप से भारत में घुस आया। जिसके बाद वह फतेहगंज पश्चिमी में आकर अवैध रूप से रहने लगा। यही नही उसने यहां क्लीनिक भी खोल लिया। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस ने गुरुवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशी नागरिक का नाम राजू उर्फ राज मंडल है। वह ढाका के पास खुला गाटा जिले के सुंदर महल का रहने वाला है। पुलिस ने उससे पूछताछ की। उसने बताया है कि वर्ष 2017 में वह वीजा लेकर बांग्लादेश से बरेली आया था और उसके अगले साल वापस चला गया। उसे बरेली काफी पसंद आया। उसे यहां रोजगार की संभावना दिखी। तो वह दोबारा अवैध तरीके से भारत आया और यहां बल्लिया गांव में क्लीनिक खोलकर खुद को बंगाली डॉक्टर बताने लगा। पुलिस की जांच पड़ताल में उसकी पोल खुल गई। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले को लेकर पुलिस अब आगे की जांच में जुटी हुई है।

# जीआरपी थाने में पुलिसवालों की भिड़ंत, इंस्पेक्टर समेत चार निलंबित

वेलकम इंडिया/सूरज मौर्य

**बरेली।** रेलवे स्टेशन जैसा संवेदनशील इलाका जहां चौकसी हर वक्त दुरुस्त रहनी चाहिए, वहां मंगलवार देर रात पुलिसकर्मियों की आपसी भिड़ंत ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। जीआरपी थाने में विदाई समारोह के दौरान शुरू हुई कहासुनी इतनी बढ़ गई कि बात हाथापाई से निकलकर गोलीबारी तक पहुंच गई। अचानक हुई गोलियों तड़तड़ाहट से स्टेशन पर अफरातफरी मच गई और यात्री दहशत में इधर-उधर भागने लगे। दरअसल थाने के अंदर हुए विवाद के दौरान पिस्तौल छीने जाने की कोशिश हुई और ट्रिगर दबते ही गोलियां चल गई। इस फायरिंग में इंस्पेक्टर परवेज अली की नाक और सिपाही मोनू के कान पर गोली लगी। दोनों को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना पर आला अफसर भी मौके पर पहुंच गए। पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने इंस्पेक्टर समेत चार पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इस घटना से न केवल यात्रियों में दहशत फैली बल्कि रेलवे स्टेशन की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो गए है।

# कोर्ट के निर्णय से आहत शिक्षक नहीं मनायेंगे शिक्षक दिवस

हिना कमाल/वेलकम इंडिया

**मेहदावल।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पूर्व से नियुक्त शिक्षकों के लिए भी टीइटी अनिवार्य किए जाने से आहत शिक्षकों ने शुक्रवार को शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों दूरी बनाने का निर्णय लिया है.। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान की जानकारी देते हुए उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के नेताओं ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से देश भर में 10 लाख से अधिक सरकारी शिक्षकों की नौकरी पर संकट मंडरा रहा है। यदि आदेश को निजी स्कूलों पर लागू किया गया तो इससे प्रभावित शिक्षकों की सम्भावित संख्या करोड़ में होगी। ऐसे में शिक्षक समाज दुःखी एवं चिन्तित है।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर हुआ सम्मान समारोह

वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम



**खीरी टाउन खीरी।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बज्म फरोगे अदब खीरी ने दो मुफि्तयों को सम्मानित किया। प्रोग्राम में मेहमाने खुसूसी काजी-ए-शहर मुफ्ती अल्ताफ हुसैन सहित कई मौलाना और हाफि ज मौजूद रहे।

इस दौरान इल्म की अहमियत पर रौशनी डालते हुए काजी-ए-शहर मुफ्ती अल्ताफ हुसैन ने कहा इल्म के बगैर ज़िंदगी अधूरी है, समाज में अगर इज्जत की जिंदगी जीना चाहते हो तो इल्म हासिल करो। इस दौरान मिश्र की यूनिवर्सिटी से पढ़ाई करके मुफ्ती की डिग्री हासिल करने वाले मुफ्ती अजमल हुसैन और केरला से मुफ्ती की डिग्री हासिल करने वाले मुफ्ती मो0 आजाद उवैसी सकाफी को बज्म- फरोगे- अदब की जानिब से बज्म के सदर आमिर रजा पम्मी व सीक्रेटी डॉ एहराज अहमद, इलियास चिश्ती द्वारा काजी-ए-शहर मुफ्ती अल्ताफ हुसैन के हाथों से सम्मानित कराया गया।

इस दौरान मुफ्ती अजमल हुसैन ने कहा अल्लाह रब्बुल इज्जत में कुरान की शुरूआत ही इकरा बिस्मिल आयत नाजिल करके हमे यह बता दिया कि दीन और दुनियां में इल्म की कितनी अहमियत है, और इसके बगैर इंसान मुकम्मल इंसान नहीं बन सकता। मुफ्ती मो0 आजाद उवैसी सकाफी ने कहा कि जब भी बातिल ताकते सिर उठाती है तो इल्म की बुनियाद पर ही उन्हें खत्म किया जाता है। इस दौरान मौलाना अशफाक कादरी, मौलाना अनवार, हाफिज हारून, मदरसा गरीब नवाज के रईसुद्दीन मिस्बाही, हाफि ज शोएब अंसारी, मौलाना जावेद अख्तर, मौलाना असजाद रजा बरकाती इंदौर, मदरसा सुल्ताने हिंद के डायरेक्टर शादाब रजा, सहित तमाम मदरसों के बच्चे मौजूद रहे।

# पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा जय प्रकाश दूबे की गठित टीम उ0नि0 आशुतोष मणि त्रिपाठी, का0 जितेन्द्र यादव ने मु0अ0सं0 428/2025 धारा 74/352/351(3) बीएनएस व 9ट/6 पाक्सो एक्ट थाना धनघटा के मामले में वांछित अभियुक्त राजाराम पुत्र रामनरायन निवासी फूलुई थाना धनघटा को धनघटा चौराहे से बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनांक 03.09.2025 को थाना धनघटा पर वादिनी की नाबालिग पुत्री के साथ अभियुक्त उपरोक्त द्वारा दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

# नहर की खुदाई में मिला अंग्रेजों का सौ साल पुराना भाप से चलने वाला ट्रैक्टर

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** रुहेलखंड नहर विभाग की खुदाई में एक ऐसा अद्भुत नजारा सामने आया है जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। झाड़ियों और घास-फूस के बीच दबा पड़ा अंग्रेजों के जमाने का सौ साल पुराना भाप से चलने वाला ट्रैक्टर निकला। कभी खेतों की गहरी जुताई करने वाला और नहर व सड़कों के निर्माण में इस्तेमाल होने वाला यह ऐतिहासिक ट्रैक्टर अब विभाग की शान बनने जा रहा है।

रुहेलखंड नहर खंड-3 के सहायक अभियंता अजीत कुमार ने बताया है कि डिवीजन ऑफिस के पीछे खुदाई के दौरान लोहे की एक आकृति दिखाई दी। शुरू में इसे कबाड़ समझा गया, लेकिन करीब जाकर देखा तो सभी चौंक गए। यह अंग्रेजी हुकूमत का असली इंजीनियरिंग करिश्मा था। सूचना तत्कालीन अधिशासी अभियंता नवीन कुमार को दी गई। इस बीच विभाग में तबादले की प्रक्रिया हुई और नए अधिशासी अभियंता सर्वेश चंद्र ने पदभार संभाला।

उन्होंने अधीक्षण अभियंता त्रयम्बक त्रिपाठी के निर्देश पर क्रेन बुलाकर इस दुर्लभ धरोहर को बाहर निकलवाया। मिट्टी और झाड़ियों में दबा यह ट्रैक्टर धीरे-धीरे अपनी असली शक्ल में सामने आया। अधिकारियों के मुताबिक, अंग्रेजों के जमाने में भाप से चलने वाला यह ट्रैक्टर खेतों की गहरी जुताई, अनाज की थ्रेसिंग और नहर व सड़क निर्माण में भारी सामान ढोने जैसे कामों में उपयोग किया जाता था।

# ससुराल में पत्नी लेने गए व्यक्ति सहित मां, बहन पर जानलेवा हमला, घायल अवस्था में रेफर

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली में पति के साथ झगड़ा कर मायके में गई पत्नी को लेने गए एक व्यक्ति सहित उसकी मां और बहन के साथ पत्नी के घर वालों ने लाठी डंडों से मारपीट कर दी मारपीट में तीनों घायल हो गए घायलों ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।थाना क्षेत्र के गांव अम्बेहटा निवासी मुर्सलीन की शादी थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी अख्तर की पुत्री प्रवीन के साथ कई वर्ष पूर्व हुई थी। पीड़ित मुर्सलीन का आरोप है कि विगत कई दिन पूर्व उसकी पत्नी प्रवीन उसके साथ झगड़ा कर अपने मायके में चली गई थी। गुरुवार की सवेरे पीड़ित अपनी मां सीना, और बहन गुलिस्ता के साथ अपनी ससुराल गांव खंद्रावली में पत्नी को लेने के लिए गया था।

# कहो जी कैसे तारोगे हे राम! मेरा अवगुण भरा शरीर...

वेलकम इंडिया

**झांसी।** गढमऊ स्थित बलखण्डी हनुमान मंदिर पर चल रही रामकथा में राजस्थान से पधारे राष्ट्रीय संत कथा व्यास मुरलीधर महाराज ने कहा कि राम भक्त के जीवन में यदि संकट आता है तो संकट से पहले राम कृपा आ जाती है।

उन्होंने अशोक वाटिका का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब अशोक वाटिका में विराजमान मां सीता को धमकाने लंकाधिपति रावण आया तो उससे पहले वहां हनुमान जी आ गये थे।वे कहते हैं कि यह जगत चला चली का मेला है, जाना सबको है पर पता नहीं कब किसका बुलावा आ जाये। इसलिए जब भी भगवान के सामने बैठों तो एक ही रट लगाओ ₹कहो जी कैसे तारोगे हे राम! मेरा अवगुण भरा शरीर...₹ध्रुव तारे प्रहलाद उबारे, और तारा है गजराज, कहो जी कैसे तारोगे मेरा अवगुण भरा शरीर।

उन्होंने सुंदर भजन सुनाया जिसे सुन श्रोता झूम उठे। उन्होंने कहा कि मन का भाव यह होना चाहिए।भगवान तो भक्त वत्सल हैं। जगत की बिडम्बना है कि जब कोई कष्ट होता है, अपनों से बिछुडता है अथवा जगत में कोई कुछ भला बुरा कह देता है तो रोते हैं पर भगवान के सामने बैठ कर कोई उन्हें याद नहीं करता। जीव की सबसे बडी विपत्ति वही होती है जिस क्षण प्रभु का स्मरण न हो।अर्थात एक दिन भी ऐसा भी नहीं गुजरना चाहिए जिस दिन प्रभु का स्मरण न हो। उन्होंने राम लक्ष्मण के जनकपुर भ्रमण का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि नीति और प्रीति परस्पर विरोधी हैं पर राम तो दोनों के बीच सेतु हैं।

# शिक्षक दिवस पर एलएसडीपी पब्लिक स्कूल में छात्रों ने निभाई शिक्षकों की भूमिका

वेलकम इंडिया फतेह खान



**रुदौलीअयोध्या** रुदौली के सीबीएसई विद्यालय एल.एस.डी.पी पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर एक अनोखा प्रयोग किया गया। इस प्रयोग के तहत, स्कूल के छात्रों को प्रधानाचार्य, उपप्रधानाचार्य और शिक्षकों की जिम्मेदारी सौंपी गई। कक्षा 12 की छात्रा सुगरा खातून को एक दिन की प्रधानाचार्य बनाया गया, जबकि कक्षा 11 के छात्र ग्रंथ अग्रवाल को उप प्रधानाचार्य की जिम्मेदारी दी गई। विद्यालय के स्पोर्ट्स इंचार्ज मंजू मणि त्रिपाठी को पीटीआई का दायित्व दिया गया, जबकि अकादमिक इंचार्ज श्वेता चतुवेर्दी का पद कक्षा 11 मैथ्स की छात्रा महक को और एकेडमिक इंचार्ज संतोष सिंह का दायित्व कक्षा 9 के छात्र रुद्रांश को दिया गया।

छात्रों ने अपने दायित्वों का निर्वहन बहुत अच्छे से किया और शिक्षकों की जिम्मेदारियों को समझने का अवसर प्राप्त किया। सुगरा फातिमा व ग्रंथ अग्रवाल ने बताया कि प्रधानाचार्य व उप प्रधानाचार्य के पद पर कार्य करना उनके लिए एक यादगार अनुभव था। विद्यालय के प्रधानाचार्य आदित्य पाठक ने बताया कि इस प्रयोग का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों के बीच संवाद को बेहतर बनाना और छात्रों में जिम्मेदारी की भावना को जगाना था। इस पहल ने छात्रों को शिक्षकों की भूमिका को समझने और उनके प्रति सम्मान भाव जगाने का अवसर प्रदान किया।

# पोते के हत्यारों को बचा रहा प्रधान

वेलकम इंडिया

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में ग्राम मथुरापुरवा मजरा खम्भार खेड़ा चौकी महेवागंज कोतवाली सदर लखीमपुर-खीरी की रहने वाली बेवा पीड़िता ने बताया उसके तीन पुत्री एक पुत्र हैं सभी की शादी हो चुकी है। पीड़िता के पास के रहने निरंजन जो 302 का अपराधी है जिसके दम उसके पुत्र शर्मा व गुड्डू काफी दबंगई दिखाते हैं काफी वर्षों से पानी निकासी को लेकर पीड़िता को प्रताड़ित करते है।

पीड़िता ने पुत्र की शादी जहां से की वहां से विपक्षी की रंजिश है आदि बातों को विपक्षी लेकर वाद विवाद करते हैं जिसमें मौजूदा प्रधान व उसका पत्रकार पुत्र पुलिस पर दबाव बना पीड़िता के पूरे परिवार को प्रताड़ित करते हैं। घटना दिनांक 14.08.2025 को दोपहर 2 बजे विपक्षी द्वारा घर पर पानी भर जाने का विरोध करने पर शर्मा व गुड्डू अपनी पत्नियों व पिता निरंजन के साथ हाथ में लाठी डंडे से लैस होकर घर में घुसकर पीड़िता के बाल खींच खींच कर बुरी तरह से मारा पीटा पीड़िता के चिल्लाने पर पीड़िता की बहू आठ माह की गृभवती पिंकी देवी बचाने पहुंची तो पीड़िता की बहू को भी मारा पीटा और पेट पर लात मार दी पीड़िता की बहू के पेट में गंभीर चोट आई विपक्षी पुलिस से शिकायत करने पर जानमाल की धमकी देकर चले गए। पीड़िता प्रार्थिनी की बहु दर्द से कराहती रही उसके बाद 21-08-2025 को पीड़िता ने अपनी बहू को पारस हास्पिटल महेवागंज में एडमिट कराया। जहां 50 हजार हुए खर्च करने के बाद चोटिल मरा पोता पैदा हुआ विपक्षी को जब इसकी जानकारी हुई तो प्रधान व उसका पुत्र महेवागंज चौकी व पारस हास्पिटल से सम्पर्क किया जिसका परिणाम पारस हास्पिटल के संचालक ने कागज देने से इंकार किया और महेवागंज चौकी की पुलिस द्वारा क्रास एफआईआर की धमकी दी गई।

# लोनी में गणेश महोत्सव /प्रतिमा विसर्जन में निकलेगी हजारों की संख्या



भरत सिंह वेलकम इंडिया

**लोनी।** गाजियाबाद हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश महोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। गणपति बप्पा लोनी की प्रत्येक कॉलोनी और गाँव में विराजमान होकर भक्तों को आशीर्वाद प्रदान कर रहे हैं।

हिन्दू रक्षा दल के नेतृत्व में इस वर्ष भी भव्य विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा हजारों की संख्या में सनातनी समाज की भागीदारी के साथ ऐतिहासिक रूप से आयोजित होगी। यात्रा के दौरान गणपति बप्पा को विदाई दी जाएगी और अगले वर्ष पुनः पधारने की कामना की जाएगी।

प्रदेश अध्यक्ष अमित प्रजापति ने बताया कि इस वर्ष यात्रा पिछले वर्षों के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए ऐतिहासिक रूप से सम्पन्न होगी। उन्होंने कहा कि ₹हमारा प्रयास है कि इस बार की यात्रा संख्या और अनुशासन दोनों में रिकॉर्ड तोड़ने की होड़ नजर आ रही है।

वहीं, प्रशासन भी पूरी तरह सक्रिय है। यात्रा मार्ग और विसर्जन स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल, यातायात व्यवस्था और अन्य विभागों के सहयोग से विसर्जन का हर कार्य प्रशासन की देखरेख में पूर्ण सुरक्षित माहौल में सम्पन्न कराया जाएगा।

लोनी के गणेश भक्तों में उत्साह और उमंग का माहौल है। पूरा शहर गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजायमान है।

# गुंडों पर डीएम की सर्जिकल स्ट्राइक, 5 को किया जिला बदर



**बरेली।** जिले में अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए डीएम अविनाश सिंह ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। यूपी गुण्डा एक्ट के तहत पांच कुख्यात अपराधियों को छह माह के लिए जिला बदर कर दिया गया। इन पर हत्या, लूट, रंगदारी और मारपीट जैसे संगीन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस-प्रशासन का मानना है कि इनके चलते क्षेत्र में तनाव और दहशत का माहौल बना हुआ था। बहेड़ी थाना क्षेत्र से आशिफ उर्फ लंगड़ा 24 मुकदमे और तस्लीम उर्फ कलुआ 19 मुकदमों के चलते जिला बदर किए गए हैं। वहीं इज्जतनगर थाना क्षेत्र से विशाल यादव 7 मुकदमे, विकास 4 मुकदमे और नाजिम 3 मुकदमे को जिले से बाहर किया गया है।

# दशलक्षण महापर्व पर भक्ति, उत्साह और सांस्कृतिक उमंग का संगम : डॉ. सोनिका जैन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर की प्रबंध समिति द्वारा इस वर्ष दशलक्षण महापर्व के अवसर पर दस दिवसीय दशलक्षण विधान का आयोजन बड़े श्रद्धा, अनुशासन और उत्साह के साथ किया जा रहा है। यह आयोजन नगर में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जागरूकता का केंद्र बन गया है।डॉ. सोनिका जैन ने बताया कि दशलक्षण पर्व जैन धर्म का प्रमुख पर्व है, जिसे आत्मशुद्धि, संयम और आत्मचिंतन के लिए मनाया जाता है। इस पर्व के दौरान अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह सहित दस धर्मलक्षणों का पालन कर जीवन को शुद्ध और आदर्श बनाने का संदेश दिया जाता है। डॉ. जैन ने यह भी बताया कि विधान दिल्ली से पधारे पंडित सचिन जैन द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन दस दिनों में समाज के अनेक श्रद्धालु उपवास, व्रत और तपस्या कर आत्मशुद्धि एवं धमाराधना में लीन रहते हैं। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि गोविंदपुरी दिगम्बर जैन मंदिर में भी इसी तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।अनंत चतुर्दशी को होगा भव्य समापन-दस दिवसीय यह विधान अनंत चतुर्दशी के दिन बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक गरिमा के साथ संपन्न होगा। इन दिनों में प्रतिदिन प्रातःकालीन समय पर धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-अर्चना, प्रवचन और शास्त्र वाचन आयोजित किए जा रहे हैं। मंदिर परिसर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्मलाभ ले रहे हैं।प्रबंध समिति का योगदान-सराहनीय-इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में प्रबंध समिति का विशेष योगदान रहा। समिति के संरक्षक सुशील जैन, अध्यक्ष स्वदेश जैन, तथा सदस्य संजय जैन, अजय जैन, सतीश जैन, विपिन जैन, अधिवक्ता संजय जैन, नवीन जैन और अतुल जैन ने संगठन, व्यवस्था और संचालन की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा के साथ निभाई।

आयोजन की सफलता में समाज के कई सक्रिय सदस्य और प्रतिभागी भी अग्रणी रहे।इनमें रचना जैन, मीनल जैन, राहुल जैन, नीरज जैन, शिप्रा जैन, मयूराक्षी जैन, नवीन जैन, आलोक जैन, शालिनी कासलीवाल, सोनम जैन, सुनीत जैन, मधु जैन, सुशीला जैन और मनोज जैन ने निरंतर अपनी उपस्थिति और सहयोग से कार्यक्रमों को जीवंत बनाया।

# बालबाड़ी पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** बालबाड़ी पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस का आयोजन बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें प्रधानाचार्या डॉ नीरू जोशी व प्रबन्धक विनय रुहेला ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया व छात्रों ने शिक्षकों की कड़ी मेहनत के और समर्पण के लिए उनका आभार व्यक्त किया। जिसमें गणेश वन्दना, राजस्थानी नृत्य, गि?द्दा, पंजाबी नृत्य के साथ बच्चों का उत्साह चरम था।इस दिन का मुख्य आकर्षण प्रधानाचार्या डॉ नीरू जोशी द्वारा शिक्षकों के सम्मान में दिया गया भाषण था। कार्यक्रम के अंत में छात्रों द्वारा अपने शिक्षकों को कृतज्ञता स्वरूप उपहार भेंट किए गए। यह सभी के लिए एक सीमा पर यादगार अवसर था। जिसमें चेयरमैन संजय जैन, निर्देशक विनय रुहेला, प्रधानाचार्या डॉ नीरू जोशी व सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। साथ ही सभी छात्र एवं छात्राओं के मनमोहक कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# संतोषी माता मंदिर प्रांगण में स्थापित गणेश प्रतिमा के नौवें दिन गणपति प्रतिमा विसर्जन पूजा हुई!



वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर के नजीबाबाद के मोहल्ला भवन में गणेश महोत्सव के उपलक्ष्य में सातवें वर्ष संतोषी माता मंदिर प्रांगण में स्थापित गणेश प्रतिमा के नौवें दिन आज गणपति प्रतिमा विसर्जन पूजा हुई !गणेश महोत्सव के अंतर्गत पंडित अनिल ध्यानी और पंडित कुलदीप बिंजुल के निर्देशन में मुख्य यज्ञमान नजीबाबाद उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह व पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह व भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर, व गणपति सेवा समिति के अध्यक्ष रिंकू कुशवाह व उमेश सैनी आदि ने विधि विधान से सातवें दिन में गणपति प्रतिमा विसर्जन पूजन कराकर विश्व कल्याण की कामना की इसके बाद इसडीएम और सीओ को संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया इसके बाद गणपति प्रतिमा को डोले पर बैठाकर भव्य झांकी निकाली गई जिसकी शुरूआत में संतोषी माता मंदिर के गेट पर बंधी पहली मटकी फोड़ कर की गई फिर डी जे की थाप पर गणपति के भजनों उपस्थित सभी भक्तों के साथ महिला भक्तों ने भी खूब डांस किया। झांकी देखने गए नगरवासियों के लिए संस्था की तरफ से प्रसाद वितरण भी किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष रिंकू कुशवाह, भाजपा नेता राजन टंडन गोल्डी, तरुण राजपूत, सौरभ शर्मा, उमेश सैनी, योगेश रिशु, अमित कुशवाह, सोनू कुशवाह, सर्वेश लोधी, रोहित कुशवाह, देव सैनी, राजू कुशवाह, अनमोल लोधी, अंश लोधी, राजा सैनी, सौरभ कुशवाह, कमल सैनी आदि ने ₹ गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना,, के उद्घोष के साथ गणपति प्रतिमा का विसर्जन चौकी प्रभारी राजेंद्र शर्मा की देखरेख में मालन नदी में विसर्जन किया गया।

# श्री ठाकुर द्वारा शिक्षण संस्थान में शिक्षक दिवस मनाया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद, ( अनिल वशिष्ठ)।** श्री ठाकुरद्वारा शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय में आज शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री ज्ञान प्रकाश गोयल जी ने शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षाकाओं व प्रबंध समिति से शपथ दिलवाई कि वे इस विद्यालय को उन्नति व विकास के शिखर पर आगे बढ़ाएंगे।विद्यालय के अध्यक्ष श्री दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद ने नवनिर्वाचित विद्यालय की कमेटी का परिचय कराया तथा कहा कि माता-पिता तो बच्चे को जन्म ही देते हैं लेकिन एक शिक्षक कुम्हार की तरह से बच्चों में संस्कार डालते हैं। इनका महत्व कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर विद्यालय के उपाध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल,उप्रबंधक अनिल कुमार, कोषाध्यक्ष मोहित गुप्ता एवं सदस्य आलोक गर्ग, विपिन कंसल, अनिल कुमार गर्ग, शिवांग गर्ग, विभोर गोयल आदि उपस्थित थे। प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम शर्मा ने वादा किया कि वह इस स्कूल को उच्च शिखर तक ले जाएगी।इस अवसर पर बालिकाओं ने रंगारंग कार्यक्रम करके सबका मन मोह लिया तथा सभी शिक्षिकाओं से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# बिजली लाइनमैन की 11वे दिन इलाज के दौरान मौत

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर के मंडावर।** एल टी लाईन के विधुत पोल पर लाईन ठीक करने चढ़े लाईन मेन करंट लगने से विधुत पोल से निचे गिर गया था।जिसकी 11वे दिन उपचार के दौरान गुरुवार को मेरठ एक निजी अस्पताल में मौत हो गई।

गाँव नंगला माहेश्वरी निवासी वेदप्रकाश मंडावर बिजली घर पर संविदा पर लाईन मेन था। 25 अगस्त को सोमवार की सुबह दस बजे के करीब वह कस्बे मे दयालवाला रोड पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास एल टी लाईन के विधुत पोल पर चढ़ कर लाईन ठीक कर रहा था। इसी दौरान अचानक विधुत लाईन मे करंट आ गया था।जिसमे करंट कि चपेट में आकर वह विधुत पोल से निचे सडक पर आकर गिर गया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।आस पास के लोगो कि सुचना पर पहुचे विधुत कर्मचारियो ने वेद प्रकाश को जिला मेडिकल अस्पताल मे भर्ती कराया था।जँहा से चिकित्स्कों ने गंभीर हालत देखते हुए उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया था।जँहा उसकी गुरुवार की सुबह मेरठ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बिजली लाइनमैन वेद प्रकाश की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# नींव द स्कूल में टीचर्स डे उपलक्ष पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** नींव द स्कूल में टीचर्स डे के उपलक्ष में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी नृत्य ,गायन एवं वादन कला का अद्भुत एवं आनंदमय प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रबंधक अमित अग्रवाल , डायरेक्टर जनरल डॉक्टर अपर्णा शर्मा, वाइस प्रिंसिपल रोमी शर्मा एवं समस्त शिक्षक गण भी उपस्थित रहे। सभी छात्र-छात्राओं ने अपने अनोखे अंदाज में अपने शिक्षकों का उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए धन्यवाद किया एवं उनके प्रति अपना आभार प्रकट किया। कार्यक्रम पूर्ण होने के पश्चात सभी छात्रों ने अपने शिक्षकों को स्वयं द्वारा बनाए गए उपहार दिए एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। नींव द स्कूल आशा करता है कि सभी छात्र- छात्राओं का भविष्य उज्जवल हो एवं सभी सफलता की सीढ़ियां चढ़ते रहे एवं अपने शिक्षकों एवं अभिभावकों का नाम रोशन करते रहें।

# भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर डीसीपी व एसीपी अमित कुमार मोदीनगर को सोपा। जिसमें मांनकी की रहने वाली चांदनी ने अबरार के खिलाफ अश्लील हरकतें छेड़छाड़ का मुकदमा मोदीनगर में दर्ज कराया गया। मगर मोदीनगर पुलिस ने उसको अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया। थाना निवाड़ी हल्के के सुहाना बनेड़ा के इंचार्ज प्रवीण कुमार पर गांव वालों का कहना है कि वह झूठे इल्जाम लगाकर लोगों को धमका कर रहे हैं । ग्राम सारा थाना निवाड़ी का रहने वाला कामिल जिसका एक मकान के ऊपर एक पक्ष से झगड़ा हो गया था उसे पर सारा गांव के रहने वाला जो जिला बदर भी रह चुका है। करीब 10 मुकदमे है ।उसके कहने पर कामिल के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई निवाड़ी थाने से शुरू कर दी गई। जबरन कामिल को बदमाश बनाने के पक्ष में थाने के दो दरोगा उसे गुंडे के कहने पर मनमर्जी मुकदमा लिखवा रहा हैं। भाकियू के कार्यकताओं ने कहा की जल्द से जल्द इन मांगों पर ध्यान न दिया गया या इनकी सही से जांच न कराई गई तो डीसीपी मुरादनगर दफ्तर पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में भारतीय किसान यूनियन किसान सभा राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी, भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक जिला अध्यक्ष मनोज त्यागी, दीपक त्यागी डिडौली, उमेश शर्मा सिकरी, अरविंद त्यागी भनेड़ा, मोनू शहजादपुर, कामिल सारा, अमरीश त्यागी बांदीपुर, हरिओम त्यागी, विनोद त्यागी सुहाना, हैदर खान मांनकी, टीनू प्रधान सौदा, जाबिर, हरेंद्र बिन्नू शर्मा, रामकुमार, पुनीत फतेहपुर आदि लोग मौजूद रहे।

# राहत सामग्री बाढ़ पीड़ित भाइयों-बहनों तक पहुंचाएं-ब्रजवीर दहिया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजवीर दहिया ने ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन का देशव्यापी आवाहन साथियों आज हमारा देश प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा है। पंजाब सहित कई प्रदेश बाढ़ की विनाश लीला झेल रहे हैं। खेत डूब गए, पशु बह गए, घर उजड़ गए और लाखों किसान व ग्रामीण परिवार आज खुले आसमान के नीचे अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। यह सिर्फ पंजाब का संकट नहीं है ? । यह पूरे भारत के गांव की पीड़ा है। जब गांव रोता है। तो पूरा देश करहाता है।आज समय है कि हम पंचायती राज की असली ताकत दिखाएं। ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजवीर दहिया पंचायत प्रतिनिधियों और पंचायत कर्मियों से जोरदार आवाहन करते हैं। कि वे राहत सामग्री, अनाज, कपड़े ,दवाइयां और आर्थिक सहयोग जुटाकर तुरंत बाढ़ पीड़ित भाइयों-बहनों तक पहुंचाएं। हमारे पूर्वजों ने कहा है ₹गांव जगेगा तो देश जागेगा ₹। आज अगर पंचायत प्रतिनिधि आगे बढ़ेंगे, तो गांव-गांव से उठी यही करुण पुकार एक जन लहर बनेगी। और हर बाढ पीड़ित को राहत की किरण मिलेगी। साथियों आज पंजाब की पुकार सुनो। आज किसान की पीड़ा महसूस करो। आज मानवता की जिम्मेदारी उठाओ। राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजवीर दहिया ने कहा कि आज हम सब मिलकर इस त्रासदी को मात दे और दिखा दे कि भारत की पंचायते सिर्फ प्रशासनिक इकाई नहीं, बल्कि मानवता की धड़कन है।

# गणेश पंडाल में आयोजित भजन संध्या में भजनों पर जम कर झूमे भक्त

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर।** नगीनाश्री गणेश मित्र मंडल के तत्वाधान में मनाये जा रहे गणेश चतुर्थी महोत्सव के आठवे दिन देर शाम सामूहिक आरती में धर्म प्रेमी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी धर्म प्रेमियों के मध्य आयोजित भजन संध्या के कार्यक्रम में महिलाओं व पुरुषों ने गीतों व भजनों पर मंत्रमुग्ध होकर गणपति बप्पा के भजनो पर नृत्य किया।

मोहल्ला मानक चंद्र मुगलान में श्री गणेश मित्र मंडल के तत्वाधान में बुधवार शाम 6 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया। उसके महिला मंडल की महिलाओं ने गायक कलाकार मोनिका चौहान के भजन संध्या में गायक कलाकारों के भजनों पर जम कर नृत्य करते हुए भगवान गणपति का गुणगान किया । इस अवसर पर लक्ष्मण सैनी व सत्यम सैनी के सत्यम म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों में नीरज चौरसिया के गीतों व भजनों का गुणगान करते हुए भक्तो ने जमकर नृत्य किया। इस अवसर पर महिला मित्र मंडल की स्वाति अग्रवाल, शोभा अग्रवाल, वंशिका, निष्ठा, गीता महेश्वरी, रमा टंडन , सुषमा अग्रवाल, स्वाति गुप्ता , ममता अग्रवाल ,भावना, पारुल अग्रवाल, तनु बेरी, मीता अग्रवाल, रेणु, मोनिका गर्ग, राशि अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, संस्क्रति अग्रवाल, उमंग बेरी, भावना, गीता, रमा व मित्र मंडल के कार्यक्रम अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, शीतल अग्रवाल, विकास अग्रवाल ,दीपक अग्रवाल, मुकुल गुप्ता, मोहित गर्ग, गौरव अग्रवाल ,मनीष अग्रवाल, भीम कुमार, शरद अग्रवाल, विनोद अरोड़ा, सौरभ अग्रवाल, अनमोल, शुभम अग्रवाल, गज्जू, निश्चल अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, सचिन मित्तल ,संजीव अग्रवाल, डॉ आकाश अग्रवाल, समीर बेरी, अर्णव बेरी सहित सैकड़ों धर्मप्रेमी शामिल रहे। गणपति की पूजा आरती के बाद भोग प्रसाद का वितरण किया गया।

## मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में

# जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक आयोजित हुई

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन पर मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद श्री अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक आहूत हुई।

मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद द्वारा विभाग/अधिकारियों को सभी प्रकरणों के तुरंत निस्तारण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा हिंडन विहार औद्योगिक क्षेत्र में सीवर लाइन एवं पानी की लाइन को शीघ्र क्रियान्वित किए जाने संबंधी प्रकरण पर महाप्रबंधक जल नगर निगम को निर्देशित किया गया कि वह उक्त का कार्य हेतु बनाए गए एस्टीमेट पर शीघ्र स्वीकृति प्राप्त करने हेतु उच्च अधिकारियों से समन्वय स्थापित करें, जिस कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जा सके। हर्ष कंपाउंड औद्योगिक क्षेत्र साइट लोनी रोड औद्योगिक क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट उपलब्ध में होने के संबंध में श्री अजीत सिंह नंदा औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया। संदर्भित प्रकरण पर यूपीसिडा के सहायक अभियंता द्वारा सितंबर माह के अंतिम सप्ताह तक स्ट्रीट लाइट प्रकाशित किए जाने हेतु अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया।

हर्ष कंपाउंड औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों के कार्य के विषय में अधिशासी अभियंता अतिरिक्त प्रकल्प खंड, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त क्षेत्र में बिटुमिन का कार्य कर दिया गया है तथा क्षतिग्रस्त सड़क निर्माण का कार्य 15 सितंबर के बाद प्रारंभ कर दिया जाएगा। अध्यक्ष महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता अतिरिक्त प्रकल्प खंड जल निगम को उक्त कार्य को शीघ्र कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। स्वदेशी कंपाउंड औद्योगिक क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट उपलब्ध न होने के संबंध में अध्यक्ष महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता विद्युत खंड यूपीएस आईडीए को समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए स्ट्रीट लाइट प्रकाशित कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। अध्यक्ष महोदय द्वारा कार्बन कॉन्टिनेंटल इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि को ऐसा साउथ साइड जीटी रोड उद्योग क्षेत्र में स्थित पार्क का शीघ्र सौंदर्यकरण कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। लोनी क्षेत्र में स्थित नीलम कंपाउंड औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों द्वारा उद्यमियों द्वारा अवगत कराया गया कि उनके औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत विभाग के इलेक्ट्रिक मीटर सड़कों पर नीचे लटके हुए हैं। वर्तमान में लगातार वर्षा हो रही है। विद्युत मीटर के जमीन में मटके रहने से किसी भी व्यक्ति को करंट लग सकता है एवं अकस्मात दुर्घटना घट सकती है। अध्यक्ष महोदय द्वारा अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल लोनी गाजियाबाद को उक्त का शीघ्र स्थलीय निरीक्षण तथा चिन्नांकन करते हुए विद्युत मीटर को सही स्थान पर स्थापित अथवा लगाए जाने के निर्देश दिए गए। अध्यक्ष महोदय द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में लगातार हो रही विद्युत ट्रिपिंग एवं फाल्ट की समस्या पर भी विद्युत विभाग के अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में उपायुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान द्वारा निवेशकों को एम ओ यू के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के विषय में अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया। अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को उक्त समस्याओं को सीखने स्थापित कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। निवेश मित्र पोर्टल पर समय सीमा उपरांत लंबित प्रकरणों पर अध्यक्ष महोदय द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक दशा में लंबित प्रकरणों को निस्तारित करना सुनिश्चित करें एवं यह सुनिश्चित करें कि पोर्टल पर कोई भी प्रकरण समय सीमा उपरांत लंबित न रहे। शेष प्रकरणों पर मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए निस्तारण कराए जाने तो आश्वस्त किया गया। बैठक में सहायक पुलिस आयुक्त, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद, अधिशासी अभियंता गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीएस आईडीए, उपमहा प्रबंधक सिविल यूपीएसआईडीए, महा प्रबंधक जल नगर निगम गाजियाबाद, अधिशासी अभियंता अतिरिक्त प्रकल्प खंड जल निगम गाजियाबाद, अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण खंड नगरीय, ग्रामीण एवं लोनी, जनपद के विभिन्न उद्यमियों तथा औद्योगिक संगठन के पदाधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।



- पोर्टल पर कोई भी प्रकरण समय सीमा उपरांत लंबित न रहे : मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद श्री अभिनव गोपाल
- उद्योग बन्धु से सम्बंधित प्रकरणों का त्वरित कार्यवाही से निस्तारण किया जाएं : मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद श्री अभिनव गोपाल

## शहर विधायक संजीव शर्मा की पहल रंग लाई

**गाजियाबाद।** शहर विधायक संजीव शर्मा के अथक प्रयास अब धरातल पर उतरने लगे हैं। लंबे समय से विजयनगर क्षेत्र के लोगों की मांग रही थी कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे को सुरक्षित पार करने के लिए एक ऊपरगामी पुल (ओवर ब्रिज) बनाया जाए। इस दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने संबंधित अधिकारियों को पुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। विजयनगर के लोगों को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पार करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पैदल यात्री, दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक प्रतिदिन अपनी जान जोखिम में डालकर सड़क पार करने को मजबूर रहते हैं। विधायक संजीव शर्मा ने जनता की इन परेशानियों को गंभीरता से उठाया और समाधान के लिए लगातार प्रयासरत रहे। अब उनके प्रयास रंग लाने लगे हैं और विजयनगर को शीघ्र ही जाम और हादसों से निजात मिलेगी। विधायक संजीव शर्मा ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर विजयनगर में ओवरब्रिज निर्माण की आवश्यकता का विस्तार से उल्लेख किया था।

## नो हेलमेट, नो पेट्रोल, आपका जीवन है अनमोल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनपद में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा हेलमेट न पहनने के कारण सडक दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से शासन के निर्देश के क्रम में परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा दिनांक 01 सितम्बर 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक ₹नो हेलमेट, नो फ्यूल₹ हेतु विशेष अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम-1988 की धारा-129 एवं उ०प्र० मोटरयान नियमावली 1998 के नियम-201 के अनुसार सभी दो पहिया चालकों एवं सवारियों के लिये भारतीय मानक ब्यूरो (बी०आई०एस०) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रोटेक्टिव हेडगियर (हेलमेट) पहनना अनिवार्य है। इन प्राविधानों का उल्लघंन केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 177 के तहत दण्डनीय है, जिसमें जुमार्ने का प्राविधान है। उक्त के क्रम में जनपद गाजियाबाद में स्थित सभी पेट्रोल पम्प संचालकों / स्वामियों को निर्देश दिये जाते है कि वे अपने पेट्रोल पम्प प्रांगण में ₹नो हेलमेट, नो पेट्रोल, आपका जीवन है अनमोल₹ सम्बन्धी बैनर / होर्डिंग (105 फीट आकार में) लगायेगें तथा दिनांक 01 सितम्बर 2025 से किसी भी ऐसे दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल का विकय नहीं किया जायेगा, जिसके चालक एवं सहयात्री ने हेलमेट नहीं पहना हो। जनपद के समस्त पेट्रोल संचालक यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके प्रतिष्ठान हमेशा सी०सी०टी०वी० कैमरे की निगरानी में रहें ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में सी०सी०टी०वी० फुटेज का अवलोकन कर आवश्यक निर्णय लिया जा सके।

## 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान का कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** महिला कल्याण विभाग द्वारा संकल्पः हब इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन योजना के अन्तर्गत दिनांक 02.09.2025 से 12.09.2025 तक 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिला प्रोबेशन अधिकारी महोदय के दिशा निदेर्शानुसार दिनांक 04.09.2025 को कैलाशवती इंटर कालेज अर्थला गाजियाबाद में लिंग संवेदीकरण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, व हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई। जैसे-बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना , वन स्टॉप सेंटर योजना (महिलाओं हेतु सुरक्षा, परामर्श व सहायता केंद्र) , हब इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना एवं महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर जैसे-181, महिला हेल्पलाइन, 1090,, वूमेन पावर लाइन ,1098, चाइल्ड हेल्पलाइन, 112, आदि के बारे में बताया गया।इसके अतिरिक्त दहेज प्रथा, बाल विवाह, बाल श्रम, लिंग भेदभाव जैसी सामाजिक कुप्रथाओं के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के साथ हिंसा की रोकथाम एवं शिकायत की प्रक्रिया समझाई गई। छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

## भगवान परशुराम भवन और महर्षि भारद्वाज चौक की स्थापना की मांग तेज



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** ब्राह्मण समाज ने एकजुट होकर गुरुवार को शहर विधायक संजीव शर्मा से गाजियाबाद में भगवान परशुराम भवन निर्माण और नेहरूनगर-तृतीय, राकेश मार्ग पर महर्षि भारद्वाज चौक की स्थापना कराने की मांग उठाई है। इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा (पंजीकृत) के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोगों ने विधायक संजीव शर्मा को ज्ञापन सौंपा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक अपनी आवाज पहुँचाने का अनुरोध किया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि गाजियाबाद जैसे बड़े और विकसित शहर में हर समाज के पास अपनी बैठक व सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए निर्धारित स्थल मौजूद है, लेकिन ब्राह्मण समाज के पास ऐसा कोई स्थान नहीं है जहाँ वे अपने दुख-सुख साझा कर सकें या सामूहिक कार्यक्रम कर सकें। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि सरकार और जनप्रतिनिधि इस दिशा में ठोस कदम उठाएँ और भगवान परशुराम के नाम से भवन का निर्माण कराकर समाज की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करें। ब्राह्मण महासभा के प्रतिनिधियों ने विधायक संजीव शर्मा पर भरोसा जताते हुए कहा कि वे इस मुद्दे पर हनुमान की भूमिका निभाएँगे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक समाज की यह आवाज मजबूती से पहुँचाएँगे। महासभा के नेताओं ने कहा कि विधायक संजीव शर्मा के कार्य और जनहित में सक्रियता देखकर समाज को पूरा विश्वास है कि वे इस मांग को पूरा कराने में सफल होंगे। संगठन ने गाजियाबाद के नेहरूनगर-तृतीय, राकेश मार्ग पर महर्षि भारद्वाज चौक की स्थापना की भी मांग की। वक्ताओं ने कहा कि महर्षि भारद्वाज भारतीय संस्कृति और वेद परंपरा के महान आचार्य रहे हैं। उनका स्मरण और सम्मान नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोडे का कार्य करेगा। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने कहा कि परशुराम भवन न केवल ब्राह्मण समाज के सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों का केंद्र बनेगा, बल्कि यह भवन समाज के एकता, संवाद और संगठन का भी प्रतीक होगा। इस भवन से समाज को एक नया मंच मिलेगा, जहाँ से सामाजिक उत्थान और नई पीढ़ी के मार्गदर्शन का कार्य होगा।

महासभा के प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर विचार कर परशुराम भवन और भारद्वाज चौक की स्थापना की जाती है तो ब्राह्मण समाज आजीवन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधायक संजीव शर्मा का आभारी रहेगा। उन्होंने इसे समाज की ऐतिहासिक उपलब्धि करार दिया।

इस अवसर पर समाज के प्रमुख लोग नानक चंद शर्मा, ऋषि पाल शर्मा, आर.सी. शर्मा, देवेंद्र कुमार शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, परमवीर शर्मा, राजेश शर्मा, गौरव कुमार, विनीता पाल, छोटे लाल कनौजिया, नानक चंद तोमर, कृष्णपाल, मिलन मंडल, एन. कुमार, कार्तिक शर्मा सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे।

## हिण्डन नदी के पुनरोद्वार, संरक्षण एवं कायाकल्प हेतु Working Committee of Experts का गठन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी महोदय कार्यालय से प्राप्त प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अपर मुख्य सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-2, उ०प्र० शासन के पत्र के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी/नोडल जिला गंगा संरक्षण समिति, गाजियाबाद के पत्र द्वारा जनपद गाजियाबाद में हिण्डन नदी को पुनरोद्धार, संरक्षण एवं कायाकल्प के लिये चुना गया है। तत्क्रम में जनपद गाजियाबाद की सीमा के अन्तर्गत हिण्डन नदी के पुनरोद्वार, संरक्षण एवं कायाकल्प के कार्य को मिशन मोड़ में किये जाने हेतु हङ्ग१ ह्यल्लॅ उङ्के३ ३ी ङ्ग ए७स्त्री१३२ का गठन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी, गाजियाबाद–अध्यक्ष और सदस्य में उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद, नगर आयुक्त, नगर निगम, गाजियाबाद, प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, गाजियाबाद, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), गाजियाबाद, उपजिलाधिकारी, सदर/लोनी/मोदीनगर, गाजियाबाद, अधिशासी अभियंता, लघु सिचांई विभाग, गाजियाबाद, अधिशासी अभियंता, सिचाई विभाग (निर्माण खण्ड/बागपत खण्ड/लोनी खण्ड), गाजियाबाद, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मोदीनगर / मुरादनगर /लोनी, गाजियाबाद, उपायुक्त, उधोग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र, गाजियाबाद, बेसिक शिक्षा अधिकारी, गाजियाबाद, जिला विद्यालय निरीक्षक, गाजियाबाद, जिला पंचायत राज्य अधिकारी, गाजियाबाद, खण्ड विकास अधिकारी, रजापुर/लोनी/मुरादनगर, गाजियाबाद एवं मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद–सदस्य-सचिव व क्षेत्रीय अधिकारी, उ०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गाजियाबाद–सदस्य-संयोजक हैं।

इसके साथ ही विशेषज्ञ सदस्य में श्री रमनकान्त, प्रेसीडेन्ट भारतीय नदी परिषद, श्री सतेन्द्र सिंह, पर्यावरण विद, सदस्य जिला गंगा संरक्षण समिति, हिण्डन उत्थान समिति, श्री उमर सेफ, निदेशक शोध, सेन्टर फॉर वाटर पीस, गाजियाबाद, श्री अमित कोरी, श्री रामवीर तंवर, श्री उमाशंकर पाण्डेय हैं। जनपद गाजियाबाद की सीमा के अन्तर्गत हिण्डन नदी के पुनरोद्धार, संरक्षण एवं कायाकल्प हेतु जिला गंगा संरक्षण समिति से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य योजना तैयार कर सुनिश्चित किया जाना है।

उक्त समिति द्वारा जिला गंगा संरक्षण समिति के साथ मासिक रूप से बैठक करते हुए प्रगति आख्या अधोहस्ताक्षरी को नियमित रूप से प्रस्तुत की जायेगी। उक्त मासिक बैठक का क्रियान्वयन क्षेत्रीय अधिकारी, उ०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गाजियाबाद के माध्यम से सम्पादित किया जायेगा। उपरोक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगें।




## पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश लंगड़ा

**गाजियाबाद।** जिले की पुलिस ने एक बार फिर अपराधियों को कड़ा संदेश दिया है कि गाजियाबाद में अपराध की कोई जगह नहीं है। बीती रात फजलगढ़ चौराहे के पास हुई मुठभेड़ के दौरान डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी की स्वॉट टीम और भोजपुर थाना प्रभारी सचिन कुमार की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर पच्चीस हजार रुपये के इनामी शातिर बदमाश को पकड़ लिया। पुलिस की गोली लगने से बदमाश लंगड़ा हो गया और मौके पर ही दबोच लिया गया। उसके पास से तमंचा, कारतूस, बाइक और लूट से जुड़ी नकदी बरामद हुई। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस की टीमें रात में संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थीं। तभी एक युवक बाइक पर आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोकने की कोशिश की तो उसने फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसके पैर में गोली मार दी और उसे काबू में कर लिया। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम देवेंद्र निवासी शाहपुर कोटरा पाली, मुकीमपुर, जनपद अलीगढ़ बताया। जांच में सामने आया कि यह बदमाश 13 मई 2025 को भोजपुर थाना क्षेत्र में हुई लूट की वारदात में शामिल था।

## वैशाली में अवैध निमार्णों पर चला जीडीए का बुलडोजर, गोशाला हटाकर प्राधिकरण की जमीन कराई मुक्त

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए वैशाली क्षेत्र में गुरुवार को ध्वस्तीकरण की बड़ी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई उपाध्यक्ष महोदय के कड़े निदेर्शों के बाद प्रवर्तन टीम ने पूरी की। कार्रवाई के दौरान न केवल अवैध निर्माण ढहाए गए बल्कि प्राधिकरण की भूमि पर कब्जा कर चलाई जा रही गौशाला को भी पूरी तरह हटवा दिया गया। दिनांक 04 सितंबर, 2025 को प्रवर्तन जोन-06 प्रभारी के नेतृत्व में भूखंड संख्या 308, सेक्टर-1, वैशाली पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। यहाँ निर्माणकर्ता श्री सुभाष चन्द मनोज ने स्वीकृत मानचित्र के विपरीत अवैध निर्माण खड़ा कर लिया था। इसी प्रकार भूखंड संख्या 318, सेक्टर-3ए, वैशाली में निर्माणकर्ता श्री विपुल रस्तौगी एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा भवन की छत पर किया गया अवैध निर्माण भी ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान जीडीए की टीम ने सेक्टर-3 की प्राधिकरण भूमि पर कब्जा कर बनाई गई अवैध गौशाला को भी खाली कराया। इस गौशाला में लंबे समय से अतिक्रमण कर पशु बांधे जा रहे थे। जीडीए ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ध्वस्तीकरण अभियान के दौरान प्रवर्तन प्रभारी, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, समस्त सुपरवाइजरी स्टाफ और प्राधिकरण सुरक्षा बल मौके पर तैनात रहा। पूरी कार्रवाई शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई। जीडीए उपाध्यक्ष के सख्त निदेर्शों के बाद प्रवर्तन विभाग ने यह कार्रवाई की। प्राधिकरण प्रशासन ने कहा कि शहर को अतिक्रमण और अवैध निमार्णों से मुक्त कराना प्राथमिकता है और आने वाले समय में भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## गरीब और मध्यम वर्ग को बड़ी राहत, व्यापार और उद्योग को नई गति : विधायक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी की दरों में की गई ऐतिहासिक कमी को लेकर शहर विधायक संजीव शर्मा ने इसे देश की जनता के लिए दिवाली का सबसे बड़ा तोहफा बताया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय आम आदमी के जीवन को आसान और खुशहाल बनाने वाला है। विधायक संजीव शर्मा के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने जानकारी दी कि विधायक संजीव शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पर अब कोई कर नहीं लगेगा। जीएसटी को शून्य कर देना गरीब और मध्यम वर्ग के लिए बहुत बड़ी राहत है, क्योंकि इससे उनके जीवन पर पडे वाला आर्थिक बोझ हल्का होगा। उन्होंने बताया कि दैनिक उपयोग की वस्तुओं जैसे शैंपू, टूथपेस्ट, मक्खन और घी पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इससे हर घर की रसोई और जेब दोनों को राहत मिलेगी। इसी प्रकार पेंसिल, शार्पनर, नोटबुक और रबड़ जैसी शैक्षणिक सामग्रियों को पूरी तरह कर मुक्त कर दिया गया है, जिससे विद्यार्थियों और अभिभावकों को सीधा लाभ मिलेगा। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि मध्यम वर्ग को ध्यान में रखते हुए एयर कंडीशनर, टीवी और वाशिंग मशीन जैसे घरेलू उपकरणों पर कर की दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। इससे आम लोगों के सपनों को पूरा करना आसान होगा और उनके घरों में खुशियां आएंगी। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में यह बदलाव सिर्फ उपभोक्ताओं के लिए ही नहीं बल्कि कारोबारियों और उद्यमियों के लिए भी बड़ी राहत लेकर आया है।

उद्योग-व्यापार को नई रफ्तार मिलेगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और देश की अर्थव्यवस्था और भी मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी। शहर विधायक संजीव शर्मा ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस फैसले से फिर साबित कर दिया है कि उनका लक्ष्य आत्मनिर्भर भारत के सपने को जल्द ही साकार करना है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले त्योहारी सीजन में बाजारों में रौनक चार गुना बढ़ जाएगी और भारत एक बार फिर विश्व गुरु बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर होगा।